▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 135
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, रविवार 29 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

बीफ न्यूज

तत्कालीन अधिशासी अभियंता सहित दो को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तावित झुंझुनूं बाईपास रोड के अलाइनमेंट को सही कर भूखंड से सड़क नहीं निकालने की एवज में 35 लाख रिश्वत मामले में आरोपी तत्कालीन अधिशासी अभियंता राकेश कुमार व अन्य आरोपी याकूब अली को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपीलार्थी 7 माह से ज्यादा से जेल में हैं। मामले के रिकार्ड को देखते हुए राय है कि ट्रायल कोर्ट की शर्तों पर जमानत दी जाए। यह निर्देश राकेश कुमार व अन्य की एसएलपी पर दिया। एसएलपी में हाईकोर्ट के 7 अगस्त 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनका जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया था। मामले से जुड़े अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि एसएलपी में कहा था कि अपीलार्थी को झूठा फंसाया है, उससे कोई बरामदगी नहीं हुई है। अब जेल में रखने पर कोई उद्देश्य रहा है, जमानत दी जाए।

दिल्ली में मकान में आग लगने से 4 की मौत:2 घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में रविवार को एक मकान में आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह ई-रिक्शा का चार्जिंग पॉइंट में शॉट सर्किट होना सामने आया है। आग की चपेट में आए सभी लोग पहली मंजिल पर सो रहे थे। गली नंबर 11 के मकान में रविवार सुबह 4.30 बजे आग लगी।

भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराया

नई दिल्ली। भारतीय विमेंस अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को दूसरे अनऑफिशियल टी-20 मैच में 106 रन से हरा दिया। शनिवार को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 230 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 15.3 ओवर में 124 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

» अंदर विशेष

▪ वास्तुकला और शहरी विकास में महिलाओं के नेतृत्व पर चर्चा
...पढ़े पेज 2 पर

▪ जयपुर ज्वैलरी शो में 650 से ज्यादा एग्जीबिटर्स होंगे शामिल
...पढ़े पेज 3 पर

पीएम मोदी ने कहा - महिला आरक्षण लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नारी शक्ति से वादा निभाने का हौसला बुलंद और हिम्मत अटूट

सरकार का लक्ष्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधायी संस्थाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने के प्रावधान को जमीन पर उतारना है। हालांकि, इस कानून के लागू होने की प्रक्रिया जनगणना और परिसीमन से जुड़ी होने के कारण अब सरकार नए सिरे से इसे आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है



- संसद के विशेष सत्र में 3 विधेयक लाने की तैयारी
- डीएमके के समर्थन से सरकार को राहत
- 33% आरक्षण लागू करने के लिए संवैधानिक बदलाव की तैयारी



परिसीमन के बाद हर राज्य में सीटों के ये होंगे नंबर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला आरक्षण लागू करने को लेकर केंद्र सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। संसद के विशेष सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर कहा कि नारी शक्ति से किया गया वादा पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में सरकार अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने संदेश में कहा कि हमारा हौसला बुलंद है, हमारी हिम्मत अटूट है। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब केंद्र सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए संवैधानिक और कानूनी बदलाव करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए संसद के विशेष सत्र में तीन विधेयक पेश किए जाने की संभावना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। वह स्वयं भी इस दिशा में काम करने वालों में शामिल रहे हैं। सरकार का लक्ष्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधायी संस्थाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने के प्रावधान को जमीन पर उतारना है। हालांकि, इस कानून के लागू होने की प्रक्रिया जनगणना और परिसीमन से जुड़ी होने के कारण अब सरकार नए सिरे से इसे आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

30 नवंबर से संसद का विशेष सत्र

केंद्र सरकार ने 30 नवंबर से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। लोकसभा की कार्यवाही 30 नवंबर से शुरू होगी, जबकि राज्यसभा में 2 दिसंबर से बैठक होगी। दोनों सदनों का सत्र 3 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान संविधान (132वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन (दूसरा) विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश किए जाने की तैयारी है। इन विधेयकों के जरिए महिला आरक्षण लागू करने के लिए जरूरी संवैधानिक प्रावधानों और कानूनी प्रक्रिया में बदलाव किए जाएंगे। कैबिनेट ने 27 नवंबर को संशोधित प्रस्तावों को मंजूरी दी थी।

डीएमके ने दो प्रमुख मांगें रखीं

डीएमके ने समर्थन का फैसला किया है। चेन्नई में एमके स्टालिन की अध्यक्षता में हुई सांसदों की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता ए. राजा ने इसकी घोषणा की। स्टालिन के मुताबिक केंद्र ने पार्टी की दो प्रमुख मांगों को प्रस्ताव में शामिल किया है। इनमें लोकसभा में तमिलनाडु की मौजूदा 7.18 फीसदी हिस्सेदारी बनाए रखना और 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच सीटों का अनुपात अगले 25 साल तक कायम रखना शामिल है।

एनडीए को केवल 6 वोटों की जरूरत: परिसीमन विधेयक पर एनडीए के बाहर की फिलहाल 3 पार्टियों ने समर्थन का ऐलान किया है। इनके कुल 34 सांसद हैं, जिससे लोकसभा में एनडीए का संभावित समर्थन 320 से बढ़कर 354 हो सकता है। हालांकि, अभी 360 के आंकड़े से 6 वोट कम हैं, यदि सभी 540 सांसद मतदान करते हैं। इसके अलावा, कुछ रिपोर्टों में बीआरएस के समर्थन का भी जिक्र है, लेकिन उसके 3 सांसद राज्यसभा में हैं, लोकसभा में नहीं।

दिन में परिसीमन बिल को समर्थन दिया था; लोकसभा में विपक्ष के साथ नहीं बैठेंगी सुप्रिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार को परिसीमन बिल पास कराने की राह आसान होती जा रही है। शनिवार शाम DMK के सांसद अमित शाह के घर पहुंचे हैं। शरद पवार की NCP और आंध्र प्रदेश के पूर्व CM जगनमोहन रेड्डी की YSRCP के बाद शनिवार को एमके स्टालिन की पार्टी DMK ने समर्थन का ऐलान किया है। तीनों के 34 सांसद हैं। वहीं BRS ने भी समर्थन का ऐलान किया। राज्यसभा में तीन सीटें है, लोकसभा में एक भी नहीं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा में 97 सांसदों के बैठने की व्यवस्था बदली गई। DMK और NCP (SP) की सीटिंग भी INDIA ब्लॉक से अलग कर दी गई है। एनसीपी (SP) सांसद सुप्रिया सुले भी कनिमोझी और दयानिधि मारन के साथ बैठेंगी।

डीएमके की बैठक के बाद सांसद ए. राजा ने कहा कि तमिलनाडु की लोकसभा सीटें 39 से बढ़ाकर 59 की जाएं। डीएमके चाहती है कि सीटें बढ़ने के बाद भी संसद में राज्य की हिस्सेदारी करीब 7.2% बनी रहे। लोकसभा में DMK के 22, NCP (SP) के 8 और YSRCP के 4 सांसद हैं। इस तरह इन तीनों दलों के 34 सांसदों का समर्थन मिलने से लोकसभा में NDA की संख्या 320 से बढ़कर 354 हो जाएगी। बिल पास कराने के लिए कुल 540 सांसदों में दो तिहाई बहुमत यानी 360 सांसदों के वोटों की जरूरत है। यानी सरकार को अभी 6 और सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी।

खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन ने बैठक की

परिसीमन बिल पर चर्चा करने के लिए INDIA ब्लॉक ने बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। इस बैठक में DMK, NCP (SP), बीजू जनता दल और आम आदमी पार्टी को भी बुलाया गया था। AAP और बीजू जनता दल ने अभी अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।



पुलिस के चेतक वाहन में शराब पार्टी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा

SMS थाना पुलिस की सरकारी गाड़ी में शराब पी थी; तीन अभी भी फरार

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में SMS थाना पुलिस की गाड़ी में शराब पार्टी करने वाले दो आरोपियों को जयपुर ईस्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशुतोष चक्रवर्ती निवासी महारानी फार्म, मानसरोवर और मृणाल गुप्ता निवासी नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी आशुतोष को भिवाड़ी से पकड़ा। दूसरे आरोपी मृणाल को अजमेर रोड से गिरफ्तार किया है। मामले में पांच युवकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस अब बाकी के तीन आरोपियों की तलाश कर रही है।



डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि SMS अस्पताल थाना पुलिस के सरकारी वाहन में शराब पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 13 सितंबर को SMS अस्पताल थाना पुलिस की टीम रात में निर्धारित समय पर डीजी बंगले के पास सवाना बार बंद करवाने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपियों ने मौके का फायदा उठाया और पुलिस की गाड़ी में शराब का सेवन किया। आरोपियों ने वाहन में रखे उपकरणों से छेड़छाड़ की और पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने सवाना बार के मालिक से संपर्क कर वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद पांच आरोपियों की पहचान भव्य भंडेरवा, आशुतोष चक्रवर्ती, गोपाल जोशी, मृणाल गुप्ता और अमन जैन के रूप में हुई। इस संबंध में SMS अस्पताल थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं भव्य भंडेरवा, गोपाल जोशी और अमन जैन की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

अनियंत्रित स्कूल वैन पोल से टकराई, चालक सहित 3 बच्चे घायल, चीख-पुकार

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



सोडाला थाना इलाके में शनिवार दोपहर भारत जोड़ो सेतु पर स्कूली बच्चों से भरी मैजिक वैन अनियंत्रित होकर रोड लाइट के पोल से टकरा गई। हादसे के वक्त वैन में 10 से 12 बच्चे सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन जिस दिशा से आ रही थी, वापस उसी दिशा में घूम गई। मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ड्राइवर और तीन स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलों को सोडाला के नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से एसएमएस ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। सोडाला थानाधिकारी मनोज बैरवाल ने बताया कि हादसा शनिवार दोपहर करीब 3:15 बजे भारत जोड़ो सेतु पर नंदपुरी में होटल हिल्टन के पास हुआ। वैन जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी स्कूल के बच्चों को लेकर सोडाला और श्याम नगर की ओर जा रही थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक वैन तेज रफ्तार में थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से वैन का बायां हिस्सा सड़क किनारे लगे लाइट के पोल से टकरा गया और वैन वापस जवाहर नगर की दिशा में घूम गई।

हादसे के तुरंत बाद राहगीर और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और वैन से बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के कारण भारत जोड़ो सेतु पर कुछ देर के लिए वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम लग गया। सूचना पर पहुंची सोडाला थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त वैन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। एएसआई सांवर मल चौधरी ने बताया कि छात्रा आराध्या (15) के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि छात्र भव्य के सिर, हाथ व पैर में चोट आई। एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में ड्राइवर और दोनों बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

हादसे के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच वहां से गुजर रहे आईएएस अधिकारी रवि जैन ने अपनी गाड़ी रुकवाई और घायलों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने सभी घायलों को अपने सरकारी वाहन से सोडाला स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इस मानवीय पहल से घायलों को समय पर इलाज मिल सका।

- 30 किलो घी 50 मीटर बाती और संगीनों का पहरा
- सिर्फ 50 श्रद्धालुओं को अनुमति, सीआरपीएफ का फूलों से स्वागत



कोर्ट की सख्ती के बाद दीपथून पर जला कार्तिगई दीपम

दीप जलते ही... बहे 'आंसू'

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

चार दिनों के भारी प्रशासनिक तनाव, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और सुप्रीम कोर्ट की अभूतपूर्व सख्ती के बाद आखिरकार शनिवार, की शाम ठीक 5 बजे तमिलनाडु के मदुरै में स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी के विवादित दीपथून पत्थर स्तंभ पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम प्रज्वलित कर दिया गया। जैसे ही पहाड़ी की चोटी पर लौ जली, तलहटी में जमा हजारों श्रद्धालुओं की आंखों में खुशी से आंसू आ गए। उन्होंने पटाखे फोड़कर और जयकारों के साथ जश्न मनाया। इस पवित्र अनुष्ठान के लिए 30 किलो घी, 50 मीटर लंबी सूती बाती और 5 किलो कपूर का इस्तेमाल किया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार उचिपिल्लैयार मंडपम में जल रही लौ से ही दीपथून के दीपक को प्रज्वलित किया गया। यह आयोजन देश के न्यायिक इतिहास में एक दुर्लभ घटना बन गया, क्योंकि इसे किसी राज्य प्रशासन के बजाए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त दो पूर्व हाईकोर्ट जजों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की सीधी निगरानी में संपन्न कराना पड़ा। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त रिसीवर-मद्रास हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस एस. वैद्यनाथन और जस्टिस वी. पार्थिबन-सुबह ही चेन्नई से मदुरै पहुंच गए थे। उनके निर्देश पर पहाड़ी के ऊपर दीपथून स्थल तक केवल 50 अधिकृत श्रद्धालुओं और पुजारियों को ही जाने की अनुमति दी गई। मदुरै के जिला कलेक्टर निशांत कृष्णा, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

तमिलनाडु और काशी के बीच हजारों वर्ष पुराने सभ्यतागत संबंध

मातृभाषा पर गर्व करने के साथ-साथ सभी भाषाओं का सम्मान करें लोग: उप-राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उप-राष्ट्रपति डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को उत्तर-प्रदेश के वाराणसी में काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने सबसे उत्तर और दक्षिण भारत के दो हिस्सों में बसे काशी और तमिलनाडु के बीच हजारों वर्ष पुराने सभ्यतागत संबंधों को रेखांकित किया। फिर किसी राज्य विशेष का नाम लिए बगैर देश के आम जनमानस से यह आह्वान किया कि वो अपनी मातृभाषा पर गर्व करने के साथ ही सभी भाषाओं का सम्मान करें। अपनी भाषा के प्रति प्रेम कभी दूसरी भाषा के प्रति शत्रुता में तब्दील नहीं होना चाहिए। भारत की असली ताकत उसकी अनेक भाषाओं और साझा आदर्शों में निहित है। उन्होंने काशी तमिल संगमम को एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के अभियान के रूप में परिभाषित किया।

तिरुक्कुरल के संस्करण जारी किए

मंत्रालय के मुताबिक, समारोह में डॉ. राधाकृष्णन ने तिरुक्कुरल के कुल 50 भाषाओं में अनुवादित संस्करणों को जारी किया। इन संस्करणों की एक खास बात यह भी है कि इनमें केवल भारतीय भाषाएं ही नहीं बल्कि 10 विदेशी भाषाएं भी शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने नदियों को आपस में जोड़ने के विजन पर विश्वास जताते हुए कहा कि एक दिन जरूर आएगा कि जब गंगा का पानी कावेरी तक पहुंचेगा।

आध्यात्मिक आकांक्षा से जुड़ी काशी यात्रा

उन्होंने कहा कि काशी और तमिलनाडु के बीच हजारों साल पुराना एक गहरा सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध है। काशी को दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। जबकि तमिलनाडु लोगों के दिलों में एक विशेष शहर के रूप में अपना स्थान रखता है।

राष्ट्रीय आंदोलन में तब्दील हुई पहल

उन्होंने काशी तमिल संगमम के आयोजन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि देश में भले ही भाषाई, क्षेत्रीय-सांस्कृतिक विविधता मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद एक संयुक्त सभ्यतागत व आध्यात्मिक भावना ने देश को एकजुट रखा है।

अज्ञात वाहन से टकराई स्कार्पियो, 13 की मौत

एजेंसी ▶▶| रांची

शनिवार की रात झारखंड के रामगढ़ में रांची-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर चीख-पुकार और मातम पसर गया। आस्था की यात्रा पर निकले बिहार के नालंदा जिले के एक ही गांव के 14 लोगों से भरी स्कॉर्पियो काल के गाल में समा गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और 13 जिंदगियां मौके पर ही खत्म हो गईं, जबकि एक घायल व्यक्ति अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। बिहार के नालंदा जिले के जांघारों गांव के रहने वाले 14 लोग एक स्कॉर्पियो में सवार होकर झारखंड के रामगढ़ जिले में स्थित रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए जा रहे थे। शनिवार देर रात करीब दो बजे जब उनकी गाड़ी रांची-पटना हाईवे (NH-33) पर अज्ञात वाहन के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

भारत ने चौथी बार महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती: फाइनल में चीन को 3-1 से हराया



भोपाल। भारत ने महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब चौथी बार जीत लिया है। भोपाल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को खेले गए फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को 3-1 से हराया। भारत के लिए दीपिका ने दो, इशिका ने एक गोल किया। फाइनल में चीन ने भारत के खिलाफ पहले गोल करके बढ़त बनाई। चेन युजुन ने 24 मिनट 55 सेकेंड में गोल दागकर चीन को 1-0 से आगे कर दिया। भारत को बराबरी के लिए तीसरे क्वार्टर तक इंतजार करना पड़ा। दीपिका ने 37 मिनट 50 सेकेंड में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इशिका ने 41 मिनट 15 सेकेंड में गोल दागकर 2-1 की बढ़त दिला दी। तीसरा गोल दीपिका ने दागा।

वास्तुकला और शहरी विकास में महिलाओं के नेतृत्व पर चर्चा

वरिष्ठ आर्किटेक्ट रश्मि गुप्ता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, , विशेष सत्रों में महिला डिजाइन थॉट लीडर्स ने साझा किए अनुभव



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

शहरों की बनावट, सार्वजनिक सुविधाओं और शहरी विकास की योजनाओं को आकार देने में महिलाओं की भूमिका अब लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्र में महिलाओं के विचारों, अनुभवों और नेतृत्व को सामने लाने के उद्देश्य से शनिवार को रोजे आमेर में विमेन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (विक्की) के राजस्थान आर्किटेक्चर चैप्टर की ओर से वार्षिक आयोजन 'ऊर्जा 2026' का आयोजन किया गया। 'इन हर एलिमेंट' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र 'विमेन डिजाइन थॉट लीडर्स' रहा। इसमें वास्तुकला, शिक्षा, सार्वजनिक अवसंरचना और शहरी विकास से जुड़ी विशेषज्ञ महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

साथ ही इस बात पर चर्चा हुई कि महिलाओं के दृष्टिकोण को शहरों की योजना और डिजाइन प्रक्रिया का हिस्सा बनाना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम की शुरुआत विक्की राजस्थान आर्किटेक्चर चैप्टर की अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रीति अग्रवाल के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने आयोजन की थीम और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए वास्तुकला एवं डिजाइन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व और विचारों को आगे लाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वरिष्ठ आर्किटेक्ट रश्मि गुप्ता को वास्तुकला के क्षेत्र में उनके लंबे और उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

ब्रीफ न्यूज

फर्जी मेडिकल डिग्री गिरोह के आरोपी को पकड़ाः दिल्ली से गिरफ्तार किया



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

फर्जी मेडिकल डिग्री गिरोह मामले में एसओजी ने 11वीं पास रामकिशोर महावर को कोर्ट में पेश किया। एसओजी की टीम रामकिशोर महावर को दिल्ली से गिरफ्तार कर जयपुर लेकर पहुंची। रामकिशोर के साथ आरोपी मनीष मांझी और सत्यजीत पाणिग्रही को भी न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-11, जयपुर महानगर प्रथम की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 2 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। एसओजी ने हजारों मेडिकल डिग्रियों की जांच और गिरोह से जुड़े नेटवर्क का खुलासा करने के लिए आरोपियों का पुलिस रिमांड मांगा था। अब एसओजी आरोपियों से पूछताछ कर फर्जी डिग्रियां तैयार करने, उन्हें ऑनलाइन अपलोड करने और मेडिकल काउंसिल में पंजीयन करवाने से जुड़े मामलों की जांच करेगी।

एनडीपीएसः पुलिस कार्यप्रणाली पर कोर्ट सख्त, जांच रिपोर्ट मांगी

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

हाईकोर्ट ने एनडीपीएस से जुड़े एक मामले में पांच महीने तक जब्त गांजे को थाने में रखने और एफएसएल में देरी से भेजने पर पुलिस कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। वहीं मामले के आईओ सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ करौली एसपी को विस्तृत जांच कर चार महीने में रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। अदालत ने एसपी को कहा है कि यदि पुलिसकर्मी दोषी पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी प्रावधानों के तहत विभागीय कार्रवाई की जाए। जस्टिस रवि चिरानिया ने यह आदेश आरोपी अजय कुमार शर्मा को जमानत देते हुए दिया। अदालत ने पाया कि जब्त मादक पदार्थ करीब पांच महीने तक पुलिस थाने में रखा और इन्वेंट्री बनाने और एफएसएल में नमूने भेजने में देरी हुई। लेकिन देरी का उचित स्पष्टीकरण रिकॉर्ड पर नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि एनडीपीएस के मामलों में कठोर सजा का प्रावधान है। जांच अधिकारी का दायित्व है कि वह एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून का सख्ती से पालन करे। आरोपी के अधिवक्ता डॉ. विभूतिभूषण शर्मा ने अदालत को बताया कि पुलिस ने जब्त मादक पदार्थ को नमूने के लिए भेजने में देरी की और दस्तावेजों में विरोधाभास है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को पेश नहीं किया।



पुलिस ने बाइक सवारों को पीटाः नाकाबंदी के दौरान गाड़ी पर तीन सवारी देख रोका

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर



जयपुर में बाइक सवार तीन लोगों से पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी नाकाबंदी के दौरान वाहन चालक को रोकते हुए नजर आ रहे हैं, बाइक सवारों के रुकते ही पुलिसकर्मी गाली-गलौज करने लगते हैं।

युवक कुछ समझ पाते इससे पहले पुलिसकर्मियों ने घेर लिया और थप्पड़ मारने लगे। यह वीडियो खो नागोरियान थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही मामले की पुष्टि हो पाएगी। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो शेयर होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर किसी व्यक्ति ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। सजा देने का अधिकार कोर्ट को है। एसीपी मालवीय नगर शिवदयाल बाजिया ने कहा- फिलहाल मेरे पास इस मामले की जानकारी नहीं है। वीडियो के संबंध में जांच करवाई जाएगी।

गंगा में डूबे जयपुर के दोनों युवाओं के शव 6 दिन बाद सच्चा धाम-शत्रुघ्न घाट के पास मिले

ज़ूम न्यूज ▶▶| ऋषिकेश



टिहरी जिले के शिवपुरी क्षेत्र में गंगा नदी में नहाते समय डूबे जयपुर के युवक और युवती के शव छह दिन बाद बरामद हुए। शनिवार सुबह जल पुलिस, एसडीआरएफ और 40वीं वाहिनी पीएसी के आपदा राहत दल ने सर्च अभियान चलाकर दोनों के शव नदी से बाहर निकाले। 22 नवंबर को गंगा में नहाते समय लवेश साटिवाल (26) और चेतना मीणा (27) डूब गए थे। घटना के बाद से ही विभिन्न राहत दल नदी में लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। छह दिनों तक चले सर्च अभियान के बाद शनिवार सुबह दोनों के शव मिले। सुबह करीब 10 बजे युवक का शव ऋषिकेश में सच्चा धाम के नीचे गंगा नदी से बरामद हुआ। वहीं, युवती का शव शत्रुघ्न घाट के पास मिला। दोनों शव अलग-अलग स्थानों से निकाले गए। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान लवेश साटिवाल निवासी जयपुर और चेतना मीणा निवासी प्रताप नगर, जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद दोनों को थाना मुनि की रेती पुलिस को सौंप दिया गया।

6 दिन से सर्च अभियान

दोनों के गंगा में डूबने के बाद से जल पुलिस, एसडीआरएफ और 40वीं वाहिनी पीएसी का आपदा राहत दल लगातार सर्च अभियान चला रहा था। शनिवार सुबह दोनों के शव मिलने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

IIT रुड़की डायरेक्टर प्रो. केके पंत को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर



आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत को एकेडमिक्स एक्सीलेंस के लिए 'सीआईपीईटी लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। उन्हें यह सम्मान जयपुर में 'एडवांस्ड पेट्रोकेमिकल मटीरियल्स, सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी फॉर विकसित भारत-2047' विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में दिया गया। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने किया है। प्रो. पंत ने 1997 में आईआईटी कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की। वे आईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर रह चुके हैं। तीन दशक का एकेडमिक्स अनुभव है। उन्होंने केमिकल प्रक्रिया, स्वच्छ ऊर्जा, संसाधनों के दोबारा इस्तेमाल पर रिसर्च की।

एसएमएस अस्पताल में ड्यूटी पर रील बनाने वालों के खिलाफ सर्कुलर जारी

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं इससे जुड़े अस्पतालों में अब ड्यूटी के दौरान रील बनाना और सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो अपलोड करना कर्मचारियों को भारी पड़ सकता है। कार्यस्थल पर रील बनाने, चिकित्सकीय जिम्मेदारियों की अनदेखी करने और अस्पताल की छवि खराब करने के मामलों में अब कार्रवाई होगी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार माहेश्वरी ने लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में सर्कुलर जारी किया है।

मदन राठौड़ बोले- कांग्रेस ने कभी जनादेश स्वीकार नहीं कियाः हार से सबक लेकर कमियां सुधारेंगे

अगले विधानसभा चुनाव में बड़े बहुमत से सरकार बनाएंगे

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर



पंचायत चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद राजस्थान में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भजनलाल सरकार पर निशाना साधने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पलटवार किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने कभी जनादेश स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव में मिली हार से सबक लेगी और अपनी कमियों को सुधारने पर काम करेगी।

राठौड़ ने दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव में बीजेपी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शनिवार को भाजपा मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस और गहलोत पर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी जनता के जनादेश को स्वीकार नहीं किया। चुनाव हारने पर ईवीएम पर सवाल उठाए जाते हैं और जीत मिलने पर झूठी बयानबाजी की जाती है।

राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने ढाई साल के कार्यकाल में विकास के कई ऐसे काम किए हैं, जिनकी तुलना कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल से की जा सकती है। भाजपा के पास अपने काम गिनाने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि गहलोत अनर्गल आरोप लगाकर भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में अधिक काम किया है।

मदन राठौड़ ने पंचायत चुनाव के परिणामों पर कहा कि पार्टी अध्यक्ष होने के नाते चुनाव में मिली हार की जिम्मेदारी उन्होंने अपने माथे ली है। भाजपा में सभी एकजुट हैं और कोई एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगा रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि ये स्थानीय चुनाव है, इनमें राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा नहीं होती। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दे सामने आएंगे। भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी। फिलहाल पार्टी का लक्ष्य हार से सीख लेकर संगठन को मजबूत करना और जनता के बीच अपनी पहुंच बढ़ाना है।

कांग्रेस देशभर में हारने पर ईवीएम पर सवाल उठाती है

चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस देशभर में जहां चुनाव हारती है, वहां ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने लगती है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव भी ईवीएम से हुए थे। भाजपा कमजोर पड़ी है तो वह इसे स्वीकार कर रही है, लेकिन कांग्रेस ने कभी जनादेश को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं दिखाई। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके गहलोत किस आधार पर भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं। राठौड़ ने कांग्रेस के आंतरिक विवादों का जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत ने अपने ही उप मुख्यमंत्री को नकारा और निकम्मा कहा था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नहरी तंत्र, तारबंदी और किसानों के उपयोग में आने वाले कृषि संयंत्रों के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में कई गुना अधिक काम किया है। सड़क तंत्र के विकास में भी 34 महीने के दौरान पिछली सरकार के पांच साल के कार्यकाल से ज्यादा काम हुआ है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के हितों में काम कर रही है।

खरगोन में बनेगा विश्व का पहला क्लाइमेट सत्याग्रह आश्रम, दांडी यात्रा का महत्व बताया

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के नेमित गांव में विश्व के प्रथम 'क्लाइमेट सत्याग्रह आश्रम' का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और ऊर्जा स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. चेतन सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में राजस्थान से माई इंडिया फाउंडेशन के फाउंडर और सोशल एंटरप्रेन्योर डॉ. मदन यादव ने विशेष अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्हें 'क्लाइमेट सत्याग्रह मिट्टी दूत' की जिम्मेदारी भी दी गई थी। डॉ. यादव ने राजस्थान, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मिट्टी दूत के रूप में प्रतिनिधित्व किया। वे इन तीनों क्षेत्रों की मिट्टी अपने साथ लेकर पहुंचे और भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह में अर्पित की। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से आए मिट्टी दूत भी अपने क्षेत्रों की मिट्टी लेकर पहुंचे। सभी क्षेत्रों की मिट्टी को एक साथ मिलाकर आश्रम की आधारशिला रखने का संदेश दिया गया। आयोजकों के अनुसार, यह पहल 'एक पृथ्वी, साझा जिम्मेदारी' की भावना का प्रतीक है।

दांडी यात्रा से ऊर्जा स्वराज यात्रा तक का महत्व बताया

समारोह में डॉ. मदन यादव ने 'इतिहास में यात्राओं का महत्व और ऊर्जा स्वराज यात्रा का स्थान' विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में यात्राएं केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं रही हैं, बल्कि सामाजिक चेतना, आध्यात्मिक जागरण, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक बदलाव का आधार बनी हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध की यात्राओं, गुरु नानक देव की उदासियों, आदि शंकराचार्य की दार्शनिक यात्राओं और स्वामी विवेकानंद के भारत भ्रमण का उल्लेख किया। उनके अनुसार, इन यात्राओं ने भारतीय समाज और संस्कृति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आधुनिक भारत के संदर्भ में उन्होंने महात्मा गांधी की 1930 की दांडी यात्रा और आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दांडी यात्रा ने स्वतंत्रता आंदोलन में जनभागीदारी और जनचेतना को नई ऊर्जा दी, जबकि भूदान आंदोलन ने सामाजिक समानता और भूमि सुधार के विचार को लोगों तक पहुंचाया। डॉ. यादव ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण जनसंपर्क और सामाजिक एकता की यात्रा के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई इस यात्रा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याएं सुनने और सामाजिक सद्भाव, भाईचारे तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं के उद्देश्य और संदर्भ अलग-अलग रहे हैं, लेकिन इनमें लोगों के बीच पहुंचने, उनसे संवाद करने और उन्हें किसी बड़े सामूहिक संकल्प से जोड़ने का समान सूत्र दिखाई देता है।



जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता पर जोर

डॉ. यादव ने प्रो. चेतन सिंह सोलंकी की छह वर्षों की ऊर्जा स्वराज यात्रा को जलवायु परिवर्तन के प्रति जनजागरूकता पैदा करने का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया बढ़ते तापमान, प्रदूषण, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता और ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है।

उन्होंने ऊर्जा स्वराज के विचार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, स्वच्छ ऊर्जा के अधिकतम उपयोग और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास करने से जोड़ा। उन्होंने दैनिक जीवन में ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने, अनावश्यक बिजली की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली विकसित करने की अपील की। डॉ. यादव ने कहा कि गांधी जी की दांडी यात्रा ने स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए जनचेतना जगाई, भारत जोड़ो यात्रा ने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया, जबकि ऊर्जा स्वराज यात्रा प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित कर रही है।

डॉ. मदन यादव ने कहा कि राजस्थान, हरियाणा और चंडीगढ़ की मिट्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए इस पहल से जुड़ना उनके लिए गौरव और भावनात्मक जुड़ाव का विषय है। मिट्टी केवल भूमि नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि धरती हमें पूर्वजों से विरासत में मिली है और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जयपुर ज्वैलरी शो में 650 से ज्यादा एग्जीबिटर्स होंगे शामिल: दिसंबर में आयोजन



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) का आयोजन इस बार 22 से 25 दिसंबर तक सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में होगा। शो के लिए शनिवार (28 नवंबर) को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में एग्जीबिटर्स मीट हुई। इसमें 350 से अधिक एग्जीबिटर्स शामिल हुए। इस बार शो की थीम 'कलर्ड जेमस्टोन्स' रखी गई है। जेजेएस का यह 22वां आयोजन होगा। जेजेएस के चेयरमैन राजीव जैन ने बताया कि इस बार शो में 1200 से अधिक बूथ और 650 से ज्यादा एग्जीबिटर्स होंगे। जेजेएस की शुरुआत 67 बूथ से हुई थी। अब यह देश के बड़े ज्वैलरी शो में शामिल हो चुका है। इस बार पिंक क्लब में बी2बी मीटिंग के लिए 74 बूथ होंगे। वहीं, 350 से ज्यादा एग्जीबिटर्स वेटिंग लिस्ट में हैं। राजीव जैन ने बताया कि 21 दिसंबर को ट्रेड विजिटर्स के लिए प्रीव्यू डे रखा गया है। इसमें वे शो शुरू होने से एक दिन पहले एग्जीबिशन देख सकेंगे।

जैन ने बताया कि जेजेएस के प्रचार के लिए अलग-अलग शहरों में रोड शो भी किए गए हैं। इस बार शो का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। जेजेएस के मानद सचिव कमल कोठारी ने कहा कि शो की सफलता में एग्जीबिटर्स, विजिटर्स, विक्रेताओं और आयोजन समिति का सहयोग रहा है। कार्यक्रम के दौरान जेजेएस के साथ 20 साल से जुड़े 17 एग्जीबिटर्स को सम्मानित किया गया।

ब्रीफ न्यूज

डॉ. अर्शी नाज को मिला पद्मश्री गौरव सम्मान

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

नर्सिंगकर्मी डॉ. अर्शी नाज को नई दिल्ली के कान्सटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में 'पद्मश्री गौरव सम्मान' दिया गया। महापौर प्रवेश वाही, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उन्हें सम्मानित किया। आयोजन भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय एवं द जेनिथ इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड काउंसिल ने किया। डॉ. अर्शी को पिछले वर्ष जयपुर में 'वुमन्स ग्लोरी अवार्ड' भी मिला था। वे सात वर्षों से एम्पॉवरिंग डॉटर्स ग्रुप सोसायटी के जरिए बालिकाओं की शिक्षा व कौशल विकास और आठ वर्षों से रॉबिनहुड आर्मी के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता कर रही हैं। एम्स जोधपुर में एच.पी.एन.ए. एवं ई.एल.एन.ई.सी. के शिविर में प्रशिक्षण लेकर कैंसर पीडितों की सेवा की। वे वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद साजिद और शहनाज बानो की पुत्री हैं।



कुत्तों ने 5 साल की बच्ची को नोंचा

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थम नहीं रहा। रोज 35 से अधिक लोग इनके हमले का शिकार हो रहे हैं। पावटा स्थित राजीव नगर में भी 5 साल की बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर दिया। घर के बाहर खेल रही बच्ची को दो-तीन कुत्तों ने घेर लिया। वह बचने के लिए भागी तो एक कुत्ते ने पैर पकड़कर उसे नीचे गिरा दिया और बुरी तरह नोंच लिया। कुत्तों ने 8 जगह काटा। परिजनों ने बमुश्किल उसे कुत्तों से छुड़ाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। बच्ची के पिता नवनीत ने बताया कि आवारा कुत्तों को लेकर वे नगर निगम में 2-3 बार शिकायत कर चुके हैं, पर कार्रवाई नहीं हुई। पिछले 11 माह में कुत्ते शहर के 11,521 लोगों को काट चुके हैं।

जोधपुर में घर में फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

जूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

भीतरी शहर की बेलदारों की बस्ती, मेड़ती गेट के अंदर रहने वाले युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। सदर कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सौंप दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि बेलदारों की बस्ती, मेड़ती गेट के अंदर रहने वाले हेमंत पुत्र राजकिरण ने घर में फंदा लगा लिया था। परिजन को पता चलने पर उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में उसके रिश्तेदार राजेश गूंद निवासी अंबेडकर पार्क, बागर चौक ने पुलिस को रिपोर्ट दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है।

जालोर में माली समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर आक्रोश

एसपी कार्यालय में प्रदर्शन के बाद सायला थाने के बाहर धरने पर बैठे लोग, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग

जूम न्यूज ▶▶| जालोर



जालोर में सोशल मीडिया पर माली समाज के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। पहले जालोर एसपी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और एसपी शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया के नाम सीआई रामेश्वर भाटी को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद लोग सायला थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

ज्ञापन में बताया कि सायला थाना क्षेत्र के उनड़ी गांव निवासी जितेंद्रसिंह नामक युवक का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि इसमें पूरे माली समाज के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौच की गई है। समाज के लोगों का कहना है कि इस टिप्पणी से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है।

समाज के लोगों ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही सोशल मीडिया पर कथित ऑडियो के प्रसार पर रोक लगाने की भी मांग उठाई। एसपी कार्यालय में ज्ञापन देने के बाद समाज के लोग सायला थाने पहुंचे। यहां शाम करीब 6 बजे से थाने के बाहर धरना शुरू किया, जो खबर लिखे जाने तक जारी था। इस दौरान जालोर, सायला, तिलोड़ा सहित आसपास के कई गांवों से माली समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी भी की।

बैठक में अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश



जूम न्यूज ▶▶| जालोर

जालोर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 12 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर शुक्रवार शाम को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट की अध्यक्षता में जिले के न्यायिक अधिकारियों एवं एसपी के साथ बैठक हुई।

जिला न्यायाधीश ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर अभी से सुनियोजित योजना बनाकर अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रकरणों में पक्षकारों को नोटिसेज जारी करे व राजीनामा योग्य प्रत्येक मामले में प्री काउंसलिंग किया जाना सुनिश्चित करें। जिला न्यायाधीश ने एनआईएक्ट से संबंधित 10 लाख तक की राशि वाले मामलों पर विशेष जोर दिया जाए व 2 लाख तक की राशि वाले प्रत्येक मामले में पक्षकारान के बीच प्री काउंसलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिवक्ताओं व पक्षकारों को भी राजीनामा की भावना से प्रकरण का निस्तारण करने के लिए प्रेरित करें।

प्लास्टर करते समय 8 फीट ऊंचाई से गिरा मजदूर: अस्पताल में मौत

जूम न्यूज ▶▶| पाली

जिले के सादड़ी में निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। मजदूर करीब 8 फीट ऊंचाई पर अड़ान पर खड़े होकर प्लास्टर कर रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। गंभीर चोट लगने पर परिजन उसे पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार 28 नवंबर को सादड़ी के मेघवालों का बड़ा बास निवासी 52 साल के नारायणलाल पुत्र टीकमराम मेघवाल सादड़ी में एक निर्माणाधीन मकान में प्लास्टर का काम कर रहे थे। इस दौरान वे करीब 8 फीट ऊंचाई पर अड़ान पर खड़े थे। अचानक पैर फिसलने से नीचे गिर गए। हादसे में उनके सिर और कमर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन और अन्य लोग उन्हें उपचार के लिए शनिवार दोपहर पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे।

जज बोले-बच्चे की चुप्पी समझें टीचर, मजबूर नहीं करें: 50 स्कूलों के 100 टीचर प्रशिक्षित

जूम न्यूज ▶▶| जैसलमेर



बच्चा अचानक चुप रहने लगे, डरा हुआ दिखे या स्कूल आने से कतराने लगे तो इसे सामान्य बदलाव समझकर नजरअंदाज न करें। हो सकता है वह किसी परेशानी या गलत व्यवहार का शिकार हो और अपनी बात कहने से डर रहा हो। ऐसे में शिक्षक और अभिभावक उसे डांटने या सवालों से घेरने के बजाय दोस्त की तरह उसकी बात सुनें। उसे भरोसा दिलाएं कि जो हुआ, उसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को नगर परिषद सभागार में आयोजित कार्यशाला में न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर यह संदेश दिया। इसमें जिले के 50 सरकारी और निजी स्कूलों के 100 शिक्षकों को POCSO कानून, गुड टच-बैड टच, साइबर बुलिंग और डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी दी गई। अब ये शिक्षक पूरे साल स्कूलों में हर महीने जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे।

विशिष्ट न्यायाधीश देव कुमार खत्री ने POCSO एक्ट-2012 की जानकारी देते हुए बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए यह विशेष कानून बनाया गया है। इसमें बच्चे की पहचान और निजता का ध्यान रखने के साथ पूरी प्रक्रिया को बाल अनुकूल बनाने का प्रावधान है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को कानून की जानकारी देकर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। मनोचिकित्सक डॉ. रामसिंह यादव ने बताया कि यौन शोषण का बच्चे के मन पर गहरा असर पड़ता है। कई बार बच्चे डर, शर्म या आरोपी की धमकी के कारण चुप रहते हैं। ऐसे में उन्हें बोलने के लिए मजबूर करने के बजाय सहज माहौल देना चाहिए। बच्चे को यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि इस घटना में उसकी कोई गलती नहीं है।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर कोई गिरफ्तारी नहीं

साइबर पुलिस थाने के सब इंस्पेक्टर डॉ. जालिम सिंह ने बताया कि ठग पुलिस, सीबीआई या क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करते हैं। इसके बाद गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे मांगते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई प्रक्रिया नहीं है।

कांग्रेस के गढ़ ढहे, बायतु में पहली बार भाजपा प्रधान: बागी को मनाने गए जिला प्रमुख हुए भावुक, निर्दलीय पूजा जीती

जूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

पंचायतीराज चुनाव में सत्ताधारी भाजपा को जिले में करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। हालांकि, कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले बायतु पंचायत समिति में इस बार भाजपा ने प्रधान बनाने में सफलता हासिल की। प्रधान बने जसवंत चौधरी ने पहले पार्टी के पक्ष में माहौल बनाकर 8 वार्डों में जीत दिलाई और फिर बोर्ड बनाने में भी सफल रहे।

इधर, सेड़वा में कांग्रेस से बगावत कर पूजा विश्नोई ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया। उन्हें मनाने के लिए जिला प्रमुख गफूर अहमद और कांग्रेस नेता नारायण गोदारा ने काफी प्रयास किए। इस दौरान दोनों नेता भावुक भी हो गए, लेकिन पूजा ने नामांकन वापस नहीं लिया। स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस अपना प्रधान नहीं बना पाई। निर्दलीय पूजा विश्नोई ने कांग्रेस की जैनी को एक वोट से हरा दिया।



2 पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान

बाड़मेर जिले की 17 पंचायत समितियों में कांग्रेस के 7, आरएलपी के 5, निर्दलीय के 3 और भाजपा के 2 प्रधान बने हैं। सेड़वा में स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस अपना प्रधान नहीं बना पाई। यहां कांग्रेस से बगावत कर चुनाव लड़ने वाली पूजा विश्नोई प्रधान बनी हैं। सेड़वा में कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाली पूजा विश्नोई को मनाने के लिए नवनिर्वाचित जिला प्रमुख गफूर अहमद पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेता नारायण गोदारा ने जिला प्रमुख के सामने हाथ जोड़कर कहा कि हमें चुनाव लड़ने दो। बातचीत के दौरान नारायण गोदारा और गफूर अहमद भावुक हो गए, लेकिन पूजा ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

कांग्रेस और बागी के बीच हुआ मुकाबला

सेड़वा पंचायत समिति में कांग्रेस ने 11 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। भाजपा और आरएलपी के 2-2 सदस्य जीते थे। प्रधान पद के लिए कुल 5 नामांकन दाखिल हुए। इनमें भाजपा से सरस्वती, कांग्रेस से जैनी और निर्दलीय के रूप में पूजा, अमीनत और कला ने नामांकन भरा। बाद में भाजपा की सरस्वती और निर्दलीय कला व अमीनत ने नामांकन वापस ले लिया।

झपकी आने से ट्रैक्टर से भिड़ी पिकअप, दोनों के ड्राइवर घायल



जूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली-नाडोल रोड पर शनिवार सुबह करीब 7 बजे मोड़ के पास स्पीड में एक अनियंत्रित पिकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे का मुख्य कारण नाडोल स्थित डेयरी से दूध संकलित करने जा रही पिकअप के चालक पिलोवणी निवासी प्रवीण सिंह को अचानक नींद की झपकी आना था। टक्कर के बाद दूध के खाली ड्रमों से भरी पिकअप सड़क पर ही पलट गई, जिससे उसमें रखे दर्जनों ड्रम सड़क पर बिखर गए। ट्रैक्टर चालक बाबा रामदेव होटल के पास एक बेरे की ओर जा रहा था। पिकअप चालक प्रवीण सिंह और ट्रैक्टर चालक अमृत दोनों को ही मामूली चोटें आईं। राहगीरों ने तुरंत दोनों चालकों को संभाला और प्राथमिक उपचार कराया। नाडोल पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई परविंदर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापनः मिक्स्ड डबल्स में बीकानेर को स्वर्ण



ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में आयोजित 71वीं राजस्थान राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का समापन हुआ। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें बीकानेर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत सहित कई पदक अपने नाम किए। जिला टेबल टेनिस संघ बीकानेर के सचिव भवानी सिंह ने बताया कि मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में बीकानेर के प्रियांश सिंह भाटी और यशु सांखला की जोड़ी ने जयपुर के सौरव कपूर व राधिका सोनी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम वर्ग में प्रियांश सिंह भाटी, अरमान बांठिया, विश्वानंद सोलंकी, अविनाश सिंह राठौड़ और उदयवीर सिंह की टीम ने रजत पदक हासिल किया, जबकि जयपुर प्रथम और कोटा तृतीय रहा। महिला टीम (अंजलि सिंह, प्रांशी मिश्रा, गुंजन बिठु, यशु सांखला), अंडर-19 बालक टीम और अंडर-19 बालिका टीम वर्ग में भी बीकानेर ने कांस्य पदक जीता।

एकल स्पर्धाओं में महिला वर्ग में प्रांशी मिश्रा, पुरुष वर्ग में प्रियांश सिंह भाटी व अरमान बांठिया, अंडर-19 बालिका में अंजलि सिंह तथा बालक वर्ग में उदयवीर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, समृद्धि व्यास (जयपुर) ने महिला व अंडर-19 बालिका तथा यथार्थ बर्थुनिया (कोटा) ने पुरुष एकल खिताब जीता। आयोजन सचिव बेनो एंथोनी ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि टीटीएफआई के पूर्व महासचिव धनराज चौधरी थे, जबकि अध्यक्षता आकाश सक्सेना (बीएसईएल) ने की। समारोह में अर्जुन अवार्डी पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

झुंझुनूं के उत्तम चौधरी NSUI प्रदेश अध्यक्ष बनेःयुवाओं ने आतिशबाजी की



ज़ूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं के उत्तम चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों ने मंड्रेला बायपास पर जश्न मनाया। युवाओं ने आतिशबाजी की, डीजे की धुन पर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सलमान पठान के नेतृत्व में आयोजित जश्न में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। उत्तम चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों ने खुशी जाहिर की और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि झुंझुनूं जिले से जुड़े युवा को प्रदेश स्तर पर छात्र संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना जिले के लिए गौरव की बात है। इससे जिले के छात्र-युवाओं को संगठन में आगे बढ़ने और छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रोत्साहन मिलेगा।

मुंडवा में RLP के उपप्रधान ने अंग्रेजी में ली शपथःनिर्विरोध चुने गए



ज़ूम न्यूज ▶▶| नागौर

नागौर जिले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) के नवनिर्वाचित उपप्रधान मुनाराम ग्वाला ने हिंदी की बजाय अंग्रेजी भाषा में पद एवं गोपनीयता की शपथ लीं। दरअसल, मुंडवा पंचायत समिति में RLP के मुनाराम गालवा निर्विरोध उपप्रधान निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन के बाद आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में जब पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने की बारी आई तो उन्होंने अंग्रेजी भाषा में शपथ पढ़नी शुरू कर दी। आमतौर पर पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि हिंदी या स्थानीय भाषा में शपथ लेते हैं, लेकिन मुनाराम के अंग्रेजी में शपथ लेने के अंदाज ने वहां मौजूद लोगों को चौंका दिया। उपप्रधान मुनाराम गालवा के अंग्रेजी में शपथ लेने का वीडियो भी सामने आया है। एक तरफ निर्विरोध निर्वाचन और दूसरी तरफ अंग्रेजी में शपथ लेने का उनका अलग अंदाज लोगों के बीच चर्चा में है।

महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुनौतियों का आत्मविश्वास से करें सामनाः साध्वी

ज़ूम न्यूज ▶▶| सिरोही



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध एवं आदर्श शिक्षा समिति सिरोही की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन-2026 आयोजित किया गया। इसमें जिलेभर से 255 से अधिक माताओं और बहनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, पारिवारिक संस्कार, महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती, मां भारती और ॐ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। आचार्य कालूराम ने अतिथियों का परिचय करवाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भी उन्होंने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कविताओं की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित माताओं और बहनों का मन मोह लिया। समाजसेविका ललिता ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं, बल्कि सबला है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनकर अपनी योग्यता और सामर्थ्य बढ़ाना चाहिए तथा जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करना चाहिए। कार्यक्रम में व्यवस्थापक प्रदीप सिंह गोयल, सदस्य देवेंद्र डांगी और राजेश त्रिवेदी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। सहायक प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, हरिसिंह सिंदल, भावेश, विक्रम कुमार, सुधा गुप्ता, विक्रम सिंह, प्रदीप सिंह, भरत कुमार और जितेंद्र कुमार सहित विद्यालय के आचार्य उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता साध्वी डॉ. संतोषविजया बाईसा ने कहा कि विद्या भारती राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व जीवन जीने की कला है और भारतीय संस्कृति में प्रत्येक नारी को मां के समान सम्मान देने की परंपरा रही है। इंद्रा खत्री ने कहा कि घर में धन, संपत्ति और अन्न का आगमन उचित साधनों से होना चाहिए। इससे परिवार में सद्गुणों का विकास होता है। पिंकी राजपुरोहित ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है। राम, श्रवण कुमार और छत्रपति शिवाजी जैसे संस्कारवान एवं साहसी व्यक्तित्व तैयार करने के लिए माताओं को कौशल्या, जीजाबाई और सुनीति जैसे आदर्श अपनाने चाहिए।

नारनौल में हेरोइन के साथ राजस्थान का युवक गिरफ्तार



पुलिस ने बस से उतरते ही दबोचा; चार दिन के रिमांड पर भेजा

ज़ूम न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के नारनौल में सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नांगल चौधरी रोड पर सुराणा फ्लाईओवर के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 56.14 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद करने का दावा किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के झुंझुनूं जिले के नालपुर निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण ने बताया कि 27 नवंबर को सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पंजाब से नशीला पदार्थ लेकर नांगल चौधरी रोड स्थित सुराणा फ्लाईओवर के पास पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने रेडिंग पार्टी तैयार की और संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, इसी दौरान राजस्थान नंबर की बस से एक व्यक्ति उतरकर जाता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मुकेश कुमार निवासी नालपुर, जिला झुंझुनूं बताया।

सॉफ्टवेयर अपडेट का मैसेज दिखाकर ठगी, 3 ट्रांजेक्शन में फोन-पे से निकाले 1.53 लाख

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

श्रीगंगानगर में सॉफ्टवेयर अपडेट करने का झांसा देकर फोन-पे से छेड़छाड़ कर एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख 53 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। ठगों ने तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 50 हजार, 51 हजार और 52 हजार रुपए निकाले। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में मुखर्जी नगर, श्रीगंगानगर निवासी कमल कुमार (47) ने बताया कि 22 नवंबर को उनका फोन-पे हैक हो गया था। इस दौरान मोबाइल पर सॉफ्टवेयर अपडेट होने का मैसेज दिखाई दिया। शुरुआत में उन्हें इस मैसेज पर कोई संदेह नहीं हुआ। बाद में जब वे बैंक पहुंचे और खाते की जानकारी ली तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने उनकी जानकारी के बिना खाते से रुपए निकाल लिए हैं। कमल कुमार के बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए गए। इनमें 50 हजार, 51 हजार और 52 हजार रुपए निकाले गए। इस तरह ठगों ने कुल 1 लाख 53 हजार रुपए की ठगी कर ली।

पहले दर्ज हुई जीरो एफआईआर

इस मामले में पहले जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद कमल कुमार ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई जगराम मीणा कर रहे हैं।

हिस्ट्रीशीटर की लाठी-सरियों से पीट-पीटकर कर दी हत्या

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर जिले में कैंपर गाड़ी में आए बदमाशों ने लाठी सरियों से पीट-पीटकर हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी। हिस्ट्रीशीटर रामस्वरूप निम्बड़िया नेशनल हाईवे-11 पर होटल पर बैठा था। इसी दौरान कैंपर गाड़ी में आए नकाबपोश बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद होटल पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रामस्वरूप निम्बड़िया को पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने हिस्ट्रीशीटर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पुरानी रंजिश हत्या की आशंका जताई है। घटना नापासर थाना क्षेत्र के गुसाईंसर गांव में शनिवार शाम करीब 6 बजे की है। रामस्वरूप निम्बड़िया नापासर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट, हत्या के प्रयास, लूट सहित कई मामले दर्ज थे। कविता पूनिया ने बताया- शनिवार शाम 6 बजे एनएच-11 पर गुसाईंसर गांव में एक होटल पर बैठे रामस्वरूप निम्बड़िया पर कुछ बदमाशों ने लाठी और सरिये से हमला कर दिया। आरोपी कैंपर गाड़ी में आए थे। सूचना पर गंगाशहर सीओ प्रहलाद राय भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।



कविता पूनिया ने बताया-रामस्वरूप निम्बड़िया को लहूलुहान हालत में पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम होगा। फिलहाल घटना स्थल पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रहे हैं। आरोपियों ने अपने चेहरे ढक रखे थे, जल्द ही उन्हें पकड़ लेंगे। कुछ हमलावरों के भी चोटिल होने की सूचना है। नाकाबंदी करवाई है। हर गाड़ी की चेकिंग की जा रही है।

थानाधिकारी कविता पूनिया ने बताया-रामस्वरूप निम्बड़िया नापासर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट, हत्या के प्रयास, लूट सहित कई मामले दर्ज थे। पिछले साल मार्च 2025 में भी उसके खिलाफ बीछवाल थाने में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था।

एमडी तस्करी केस में जयपुर से पकड़ी गई युवती

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर की उद्योग नगर थाना पुलिस ने एमडी तस्करी के मामले में युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए युवती जयपुर में अपने दोस्त की गर्लफ्रेंड की सहेली के घर पर रुकी हुई थी। जहां से पुलिस ने युवती को पकड़ा है। पुलिस इसके पार्टनर की तलाश कर रही है। उद्योग नगर थाना SHO राजेश कुमार बुडानिया ने बताया कि 31 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस ने DST टीम के इंचार्ज वीरेंद्र यादव के साथ एक्सीलेंस कॉलेज के पास से हरिराम बाठोद को गिरफ्तार किया था। इसके पास से पुलिस को 98.40 ग्राम एमडी मिली थी। आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट का मुकदमा दर्ज करके उद्योग नगर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मामराज और भारती सोनी नाम की युवती से एमडी खरीदी थी।

सीकर में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत टीचर्स को ट्रेनिंग

ADJ शालिनी गोयल बोलीं- बच्चों के लिए पॉक्सो एक्ट और साइबर सिक्योरिटी समझना जरूरी

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर



सीकर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभागार में आज सुरक्षित बचपन अभियान के तहत स्कूलों में टीचर्स को ट्रेनिंग दी गई। जिला जज रूपा गुप्ता ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। इस ट्रेनिंग के जरिए टीचर्स को स्कूलों में बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम, ऑनलाइन सिक्योरिटी, साइबर रिस्क और कानूनी साक्षरता के बारे में जागरुक करने के लिए कहा गया।

पॉक्सो कोर्ट के जज विक्रम चौधरी और जज शंकर लाल मारू ने पॉक्सो अधिनियम के उद्देश्य, प्रावधानों, बच्चों के विरुद्ध सेक्सुअल अपराधों की समझ, रिपोर्टिंग और बच्चों से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी।

प्राधिकरण सेक्रेटरी शालिनी गोयल ने कहा कि स्कूल लेवल पर बाल सुरक्षा और कानूनी जागरूकता बढ़ाना जरुरी है। निशुल्क कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व LSUC तक पहुंचाने तथा स्कूलों में हेल्पलाइन नंबर लिखवाने जरुरी हैं। साइबर सेल के कानूनी सलाहकारों ने साइबर अपराधों व उनसे बचाव के तरीके बताए। स्कूलों में नालसा हेल्पलाइन 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 लिखवाने की जरुरत के बारे में बताया।

खेत में बुवाई करते हुए किसान को मिली हेरोइन

ज़ूम न्यूज ▶▶| श्रीगंगानगर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे श्रीगंगानगर जिले के हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र में एक खेत से 750 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। खेत में फसल की बिजाई से पहले बुवाई करते समय किसान को जमीन में दबा हेरोइन का पैकेट मिला। हेरोइन की कीमत करीब ढाई लाख रुपए आंकी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पैकेट को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

हिंदुमलकोट थानाधिकारी सुनील खोड़ ने बताया- थाना क्षेत्र के चक बी बड़ी में किसान केदारनाथ (45) खेत में बुवाई कर रहा था। इसी दौरान कृषि यंत्र से जमीन में दबा पैकेट बाहर निकल आया। पैकेट मिलने पर किसान ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पैकेट अपने कब्जे में ले लिया।

वायु प्रदूषणः पड़ताल करने पहुंची टीम को दिखी पीओपी की धूल

3 इकाइयों के बिजली कनेक्शन काटने है

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर



जिले के खारा औद्योगिक क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर एनजीटी के आदेश पर गठित टेक्निकल कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को खारा औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर वायु प्रदूषण की स्थिति का जायजा लिया। सदस्यों ने मिनरल जोन सहित प्राइवेट खारा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां हर तरफ प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की धूल उड़ती नजर आई।

कमेटी के दौरे की सूचना लीक होने के कारण कई फैक्ट्रियां बंद मिलीं। खारा में वायु प्रदूषण को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर अब तक करीब 29 फैक्ट्रियों को बंद किया जा चुका है, जबकि पिछले सप्ताह तीन फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन काटे गए हैं। गठित टेक्निकल कमेटी में फिलहाल केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल (सीपीसीबी) के साइंटिस्ट सुनील मीणा, आईआईटी जोधपुर में एयर क्वालिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन्य दिलीप और राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरपीसीबी) के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा शामिल हैं। इनके अलावा कमेटी में प्रिंसिपल एक्सपर्ट के तौर पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर को भी शामिल किया जाना है।

काशी-तमिल संगमम 5.0 का आगाज उपराष्ट्रपति बोले

सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सभ्यतागत संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी 'तिरुक्कुरल' से नैतिक मूल्यों, सदाचार और जीवन दर्शन का मिलेगा अनूठा ज्ञान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काशी और तमिलनाडु के सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सभ्यतागत संबंधों को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से शनिवार को काशी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 5.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर 15 दिनी आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। थीम 'थिरुक्कुरल पयिलोम-अर्थात तिरुक्कुरल का अभ्यास करें'है। इस बार संत तिरुवल्लुवर की महान रचना तिरुक्कुरल में निहित नैतिक मूल्यों, सदाचार और जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर है।



थीम
महान ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' पर केंद्रित

संत तिरुवल्लुवर की शिक्षाओं पर रहेगा विशेष जोर

तमिलनाडु से 1400 प्रतिनिधि होंगे शामिल, 15 दिनी आयोजन

आयोजन की थीम है 'तिरुक्कुरल पयिलोम- तिरुक्कुरल अभ्यास करें', मतलब तिरुक्कुरल की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना। तिरुक्कुरल तमिल भाषा का लगभग 2,000 साल पुराना एक महान साहित्यिक ग्रंथ है। इस महोत्सव में लोकगीतों और लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।



जैसे काशी वैसे योगीराज

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैसे तमिलनाडु में कामराज हैं, वैसे ही उत्तर प्रदेश में योगी महाराज विराजमान हैं। प्रदेश में हर महिला बिना डर के किसी भी सड़क पर चल सकती है।

बाबा के दर्शन भी किए

उपराष्ट्रपति का सीएम योगी ने स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने काशी विश्वनाथ धाम में पूजन किया। उपराष्ट्रपति ने सीएम योगी के साथ काल भैरव मंदिर के भी दर्शन किए।

वाराणसी और रामेश्वरम में प्राचीन काल से सांस्कृतिक संबंधः जोशी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया काशी तमिल संगमम आज एक प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम बन चुका है। दोनों में सांस्कृतिक संबंध रहे हैं।

विभिन्न प्रतिनिधि शामिल हो रहे

इस वर्ष आयोजन में तमिलनाडु से विद्यार्थी, शिक्षक, लेखक, मीडिया प्रतिनिधि, किसान, कारीगर, पेशेवर, महिलाएं और आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े करीब 1400 प्रतिनिधि सात समूहों में शामिल हो रहे हैं। वे प्रयागराज और अयोध्या के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी

आयोजन के अंतर्गत शैक्षणिक संवाद, साहित्यिक परिचर्चाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनियां तथा तिरुक्कुरल आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। बीएचयू में सात समूहों के लिए विशेष शैक्षणिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

अखिलेश बनें सीएम पर हमें भी मिले स्पेस

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान के बीच कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अखिलेश यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहती है, लेकिन सीट बंटवारे में उन्हें कुछ और जगह (अधिक सीटें) चाहिए। हम समर्पित नहीं है।



थाने में अंचलाधिकारी पर जानलेवा हमला

बक्सर। यहां के तिलक राय के हाता थाना परिसर में जमीन विवाद को लेकर आयोजित सुनवाई के दौरान सिमरी के अंचलाधिकारी (सीओ) भगवती शंकर पांडेय पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों में विवाद सुलझाने के लिए बातचीत के दौरान एक व्यक्ति ने कथित तौर पर सीओ के साथ मारपीट की। गला दबाया।



राज्यसभा सांसद वर्मा सड़क हादसे में घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा शुक्रवार को रायपुर और खरोरा के बीच भीषण सड़क हादसे में घायल हो गईं। इस हादसे में कार में सवार उनका बेटा, गनमैन और चालक भी गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए एम्स रायपुर में भर्ती कराया, डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है।



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार पलटी, 3 मरे

नूंह। ग्रेट विटारा कार में दिल्ली से जयपुर लौट रहे एक परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। महताब सिंह (कार ड्राइवर), जसलीन कौर की मौके पर ही मौत हो गई। घायल विरेंद्र सिंह, अमृत कौर, कामिनी को मेडिकल कॉलेज नूंह लाया गया, लेकिन कौर ने दम तोड़ दिया।



खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की अहम बैठक

खरगे बोले- भाजपा परमानेंट सत्ता चाहती है, पहले 400 पार का लक्ष्य था, अब 800 पार का टारगेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र से पहले महिला आरक्षण और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दों को लेकर राजनीतिक माहौल गरम है। शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक हुई। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने मिलकर यह तय किया है कि मोदी सरकार द्वारा लाया जा रहा संवैधानिक संशोधन विधेयक लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है, क्योंकि लोकतंत्र को खत्म करने और सारी सत्ता अपने हाथ में केंद्रित करने की कोशिश में, अब उनका लक्ष्य '800 पार' का है। इससे पहले, उन्होंने चुनावों में 400 पार का लक्ष्य रखा था, जो अब पीछे छूट गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष ने परिसीमन पर कसा तंज

लाया जा रहा संवैधानिक संशोधन विधेयक लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा

एससी-एसटी जनजातियों के हितों को नजरअंदाज किया गया



खरगे कहा कि एससी-एसटी के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है, यह अन्याय है। किसी भी राज्य में एससी और एसटी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या, उस राज्य में उनकी आबादी के अनुपात में होनी चाहिए। नतीजतन, अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या बढ़नी चाहिए, लेकिन प्रस्तावित संशोधन में इसका कोई प्रावधान नहीं है।

टीएमसी, एनसीपी और शिवसेना को तोड़ रही भाजपा

खरगे ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस विधेयक को लाने की कोशिश की थी, लेकिन अप्रैल में इसे खारिज कर दिया गया था। जरूरी संख्या जुटाने के लिए राजनीतिक दलों टीएमसी, एनसीपी और शिवसेना को सुनियोजित तरीके से तोड़ रही है। इससे लोकतंत्र का अंत हो जाएगा।

सीईसी ज्ञानेश का भी जिक्र किया

खरगे ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा वही विवादित चुनाव आयोग, जिसने मतदाता सूची से 10 करोड़ से ज्यादा लोगों के नाम हटा दिए हैं, उसे अब परिसीमन की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। यह हमें मंजूर नहीं है।

टीमसी के बागी सांसद समर्थन में उतरे

टीएमसी से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल 20 सांसदों की स्थिति साफ हो गई है। सांसद काकोली घोष ने परिसीमन का समर्थन किया है।



फैमिली प्लानिंग वालों को कम सीटें: अख्तर

गीतकार जावेद अख्तर ने डिलिमिटेशन बिल पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि जिन इलाकों ने फैमिली प्लानिंग को प्राथमिकता नहीं दी, उन्हें ज्यादा सीटें दी जा रही हैं।



बीआरएस ने परिसीमन का किया समर्थन

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने परिसीमन का समर्थन किया है। पार्टी की ओर से कहा गया कि इसमें तेलंगाना और दक्षिण भारतीय राज्यों के हितों की पूरी तरह रक्षा होनी चाहिए।



इंडी गठबंधन ने नेताओं ने कहा

देश की सीमाएं सिकुड़ रहीं और सरकार लोकसभा बांटने में जुटी

संभल। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव संभल के बहजोई में राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान के बेटे के वलीमे में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में किसान परेशान हैं और बेरोजगारी की समस्या बनी हुई है। चीन से हमारे देश का सीमा विवाद चल रहा है और देश की सीमाएं सिकुड़ रही हैं।



डीएमके ने भी दिया सरकार को समर्थन

हमारी बातें विधेयक में शामिल

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) की सांसद कनिमोझी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने परिसीमन विधेयक का समर्थन करने का फैसला किया है। 2024 में डीएमके सरकार ने जो प्रस्ताव पारित किया था। उन सभी बातों को विधेयक में शामिल कर लिया गया है। हमने यह भी मांग की थी कि अगले 25 वर्षों तक इसमें कोई बदलाव न हो (फ्रीज रहे) और यह बात भी विधेयक में शामिल है।



मायावती ने महिला आरक्षण फैसले का किया स्वागत

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने एससी-एसटी समाज की महिलाओं के लिए इसी आरक्षण के भीतर अलग से व्यवस्था करने की मांग उठाई है।




परिसीमन विधेयक पर बोले शाह

अब महिलाओं को मिलेगा बड़ा मौका, यूपी में बढ़ेगा प्रतिनिधित्व

यह शासन को जनता के और करीब लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 132वें संविधान संशोधन विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी मिलने को देश के सभी राज्यों में जनप्रतिनिधित्व बढ़ाने और शासन को जनता के और करीब लाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। शाह ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कैबिनेट द्वारा संशोधन विधेयक को मंजूरी देना जनप्रतिनिधित्व बढ़ाने और शासन को जनता के करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि विधेयक में विधानसभाओं की सीटों की अधिकतम सीमा 500 से बढ़ाकर लगभग 650 करने का प्रस्ताव है। इससे महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण से प्रदेश की महिलाओं को अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व मिलेगा।



क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनेंगी

शाह ने कहा कि अधिक जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों की प्राथमिकताओं और स्थानीय जरूरतों को सदन में रख सकेंगे। इससे क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाने और विकास को गति देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश में सुशासन और जनभागीदारी, दोनों को मजबूत करेगा। शाह ने उत्तर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक का स्वागत और समर्थन करने की अपील की।

नारी शक्ति को मजबूत भागीदारी मिलेगी

शाह ने कहा कि नारी शक्ति को जनप्रतिनिधित्व में भी मजबूत भागीदारी दिलाना मोदी सरकार का संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 132वें संविधान संशोधन विधेयक को दी गई मंजूरी के साथ ही देश की महिलाओं की दशकों पुरानी प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में जो 33% आरक्षण दिया गया था, वह अब साकार होगा। विधानसभाओं में महिलाओं की कम से कम एक-तिहाई भागीदारी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की योजनाओं को और अधिक समावेशी बनाएगी, वहीं लोकसभा में उनकी उपस्थिति नीति निर्माण, कानून निर्माण और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के निर्धारण में एक नया आयाम जोड़ेगी. महिलाओं को शासन में मजबूत भागीदार बनाने वाली इस ऐतिहासिक पहल का सभी दल समर्थन करें।

उत्तराखंड के कोटद्वार में दर्दनाक हादसा

खाई में गिरा वाहन, चालक समेत 8 महिलाओं की मौत

एजेंसी ▶▶ पौड़ी

उत्तराखंड के पौड़ी जिले के रिखणीखाल ब्लॉक में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रिखणीखाल-सतपुली मोटर मार्ग पर कलवाड़ी गांव के पास एक वैन अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। मृतकों में वाहन चालक अनिल देवराड़ा निवासी भंगलवाण गांव और 7 महिलाएं शामिल हैं। घायल आठवीं महिला ने रिखणीखाल अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वाहन में करीब 12 लोगों के सवार होने की खबर है। घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। गंभीर रूप से घायल को एम्स ऋषिकेश भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। कोटनाली भंगलवाण की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं बैंक संबंधी काम से सिद्धखाल गई थीं।



वॉइट लेबल एटीएम के नियम बदले

कंपनियां सीधे खरीद सकेंगी कैश, 1 लाख की अनिवार्यता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने वॉइट लेबल एटीएम चलाने वाली कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव किया है। अब इन कंपनियों को एटीएम में कैश भरने के लिए सिर्फ एक बैंक पर निर्भर नहीं रहना होगा। वे दूसरे बैंकों से भी नोट ले सकेंगी और सीधे आरबीआई के ऑफिस से भी कैश खरीद सकेंगी। आरबीआई ने इस एटीएंऑपरेटर्स के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। कुछ एटीएम ऐसे भी होते हैं, जिन्हें बैंक नहीं बल्कि दूसरी निजी कंपनियां चलाती हैं। इन्हें वॉइट लेबलएटीएम कहा जाता है। इन से ग्राहक अलग-अलग बैंकों के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके पैसे निकाल सकते हैं। ये किसी बैंक का नहीं होता। एटीएम ऑपरेटर अब केंद्रीय बैंक के इश्यू ऑफिस और करेंसी चेस्ट से सीधे थोक में कैश खरीद सकेंगे. कम से कम एक लाख नोट खरीदने होंगे।



सोनिया की नागरिकता पर दिल्ली पुलिस का बड़ा खुलासा

पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की

1980 की वोटर लिस्ट में नाम नागरिकता मिली थी 1983 में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की है। सोनिया 1980 में भारतीय नागरिक नहीं थीं, लेकिन तब उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज था। उन्होंने 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल की थी। पुलिस ने बताया इन तथ्यों की पुष्टि जिला मजिस्ट्रेट और गृह मंत्रालय से की गई है। पुलिस ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिकॉर्ड मांगे हैं। सुनवाई 14 दिसंबर को है।

किन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया



याचिका में सवाल उठाया गया है कि नागरिकता हासिल करने से पहले उनका नाम नई दिल्ली की मतदाता सूची में किस आधार पर दर्ज किया गया था और इसके लिए किन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया?

1982 में नाम मतदाता सूची से क्यों हटाया गया?

सवाल उठाया गया कि 1982 में सोनिया का नाम मतदाता सूची से हटाया क्यों गया और यदि 1983 में नागरिकता हासिल की गई। इस प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल की आशंका जताई है।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-इफ्फी का समापन

'वी आर ऑल स्ट्रेंजर्स'से दिखीं पारिवारिक बंधनों, रिश्तों के साथ जीवन की जटिलताएं

एजेंसी ▶▶ पणजी

दुनियाभर की फिल्मों और फिल्मकारों को एक मंच पर लाने वाला 57वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-इफ्फी 2026 शनिवार को संपन्न हो रहा है। महोत्सव का समापन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में समारोह के साथ हुआ। महोत्सव के विभिन्न स्थलों पर फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों को विविध कहानियों, विचारों और फिल्म निर्माण की अलग-अलग शैलियों से रूबरू होने का अवसर मिला। समापन सिंगापुर के जाने-माने फिल्म निर्माता एंथनी चेन की एक दमदार फीचर फिल्म 'वी आर ऑल स्ट्रेंजर्स' के साथ हुआ। इससे दर्शकों को मानवीय रिश्तों, पारिवारिक बंधनों और जीवन की जटिलताओं की एक प्रभावशाली सिनेमाई झलक मिली।

सिंगापुर की फिल्म दिखाई गई

जिम्मेदारी का हुआ अहसास



'वी आर ऑल स्ट्रेंजर्स' कहानी 21 साल के जुनयांग के इर्द-गिर्द घूमती है। उसकी बेफिक्र जिंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है, जब उसके रिश्ते में अचानक कुछ ऐसा होता है कि उसे और उसकी गर्लफ्रेंड को उम्मीद से कहीं ज़्यादा जल्दी वयस्क जीवन की जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ता है। यह एंथनी चेन की मशहूर 'ग्रोइंग अप' ट्रिलॉजी का नया अध्याय है। इसमें उनकी वही संवेदनशील और बारीकी से देखी गई।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने जम्मू में गांधी परिवार पर बोला सीधा हमला

मनमोहन प्रधानमंत्री थे, पर सोनिया थीं सुपर पीएम

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कांग्रेस पर परिवारवाद, पर्दे के पीछे से सत्ता संचालन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को राजनीतिक विरासत समझने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू में गांधी परिवार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा के बावजूद सत्ता का वास्तविक केंद्र कहीं और था। सिंह सरकार का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि उस समय सरकार का रिमोट कंट्रोल राष्ट्रीय सलाहकार परिषद और सोनिया गांधी के हाथों में था। सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार किसी परिवार या दरबार के इशारे पर नहीं चलती।

भाजपा की सरकार किसी परिवार या दरबार के इशारे पर नहीं चलती

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' महापदयात्रा

इंदिरा, राजीव और यूपीए सरकार का भी किया जिक्र



भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' महापदयात्रा के बाद परेड ग्राउंड में सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता को परिवार की तरह चलाया। उन्होंने इंदिरा गांधी के दौर की किचन कैबिनेट, राजीव गांधी के वक्त सत्ता केंद्रों और यूपीए में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का उल्लेख किया।

बारू की पुस्तक का हवाला, सोनिया ने 'प्रभाव' डाला

सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू की पुस्तक का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कैबिनेट की महत्वपूर्ण फाइलें सोनिया गांधी की मंजूरी के लिए भेजी जाती थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार का प्रधानमंत्री कोई और था तो महत्वपूर्ण फैसलों में पर्दे के पीछे से प्रभाव कौन डाल रहा था।

राहुल के कारण मनमोहन ने बदला अपना फैसला

सिंह ने 2013 के अध्यादेश विवाद का भी जिक्र किया। सिंह विदेश यात्रा पर थे और राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से अपनी ही सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को गलत बताते हुए उसकी आलोचना की थी। सिंह को अपना फैसला बदलना पड़ा। उन्होंने इसे कांग्रेस में वास्तविक सत्ता और संवैधानिक जिम्मेदारी के बीच टकराव का उदाहरण बताया।



प्रभास ने जीतू माधवन के साथ नई फिल्म के लिए मिलाया हाथ

मुंबई। प्रभास निर्देशक जीतू माधवन के साथ एक शानदार पैन-इंडिया फिल्म में काम करने वाले हैं। यह फिल्म तेलुगु और मलयालम सिनेमा का मिला-जुला अंदाज दिखाएगी। जीतू की हालिया हिट फिल्म 'सीन' के बाद से ही इस फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि यूवी क्रिएशंस इस प्रोजेक्ट को निर्मित करेगी, लेकिन फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। प्रभास का शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिस वजह से अभी फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हो पाएगी। फिलहाल, प्रभास अपनी फिल्म 'फौजी' (जो मार्च 2027 में आएगी) की शूटिंग खत्म करने में लगे हैं। इसके साथ ही वह 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल पर भी काम कर रहे हैं।

लाइफ Style

सपना अरशद की 'असुर 3' में हुईं शामिल

अरशद वारसी और बरुन सोबती की सीरीज 'असुर' के अब तक 2 सीजन आ चुके हैं। इसका तीसरा सीजन अपने प्रोडक्शन चरण में है और शूटिंग इन दिनों मुंबई में चल रही है, जिसके 28 दिसंबर तक खत्म होने की उम्मीद की जा रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गौरव शुक्ला ने साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर के निर्देशन की कमान उठाई है। ताजा अपडेट है कि सपना पब्बी सीरीज का हिस्सा बन गई हैं, जिन्हें बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' में देखा गया था। बॉलीवुड रिपोर्ट के मुताबिक, सपना इस सीरीज में मुख्य कलाकारों के साथ शामिल हुई हैं और उन्हें शारिब हाशमी, रिद्धि डोगरा और अमेय वाघ के साथ एक जांचकर्ता के किरदार में देखा जाएगा। उनके पहले, परियोजना से एहसास चन्ना, श्वेता बसु प्रसाद और संदीपा धर के जुड़ने की चर्चा भी थी। हालांकि, निर्माताओं की ओर से कास्टिंग पर आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। शूटिंग शेड्यूल प्लान के अनुसार, 'असुर 3' की शूटिंग 28 दिसंबर तक पूरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'असुर 3' को जुलाई, 2027 तक रिलीज करने का लक्ष्य है। सूत्र ने कहा, जियोहॉटस्टार के बड़े स्पोर्ट्स प्रोग्रामिंग कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए 'असुर 3' का प्रीमियर 2027 में इंडियन प्रीमियर लीग सीजन खत्म होने के बाद होने की उम्मीद है। हालांकि, सही तारीख पोस्ट-प्रोडक्शन शेड्यूल पर निर्भर करेगी, लेकिन निर्माता क्यू3 रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। कहानी की शुरुआत वहीं से होगी, जहां इसका दूसरा सीजन खत्म हुआ था।




हॉलीवुड मसाला



रैपर का नया गाना आउट ऑफ... रिलीज

म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने अनोखे अंदाज और अचानक रिलीज होने वाले गानों के लिए मशहूर रैपर ये (कान्ये वेस्ट) एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे इंतजार के बाद ये ने अपना नया सिंगल 'आउट ऑफ माय माइंड' रिलीज कर दिया है। यह गाना उनके पिछले ट्रैक 'जेमिनी सीजन' के बाद पहली नई रिलीज है। खास बात यह है कि रैपर ये ने इस गाने को बिना किसी बड़े ऐलान के आधी रात को रिलीज किया, जिसके बाद उनके फैंस के बीच इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है।रैपर ये का नया गाना 'आउट ऑफ माय माइंड' 27 नवंबर, 2026 को आधी रात रिलीज हुआ।




केंडल ने ऐसा क्या पहना कि भड़क उठे भारतीय...

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी मॉडल केंडल जेनर अपने कपड़ों को लेकर विवादों में आ गई हैं। हाल ही में वो बहामास में छुट्टियां मनाने गई थीं। इस दौरान वो काले रंग की बिकिनी और पीले रंग के सरॉन्ग (बीचवेयर) में दिखीं, जिस पर 'ओम' और त्रिशूल समेत हिंदू धार्मिक चिह्न बने थे। केंडल जेनर की बहन काइली जेनर ने ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनके सामने आते ही भारतीय यूजर्स भड़क उठे। उन्होंने धार्मिक चिह्नों के इस्तेमाल पर केंडल की कड़ी आलोचना की। केंडल जेनर के बिकिनी लुक को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी बड़ी आलोचना हो रही है। दरअसल, उन्होंने ऐसे कपड़े पहने थे, जिन पर 'ॐ' और त्रिशूल जैसे हिंदू धार्मिक चिह्न बने हुए थे। लोगों को इन पवित्र चिह्नों का बिकिनी के साथ इस्तेमाल करना पसंद नहीं आया।



सपना ने मिटाया पति वीर के नाम का टैटू

मुंबई। हरियाणवी गायिका और डांसर सपना चौधरी ने अपने पति वीर साहू से तलाक की अर्जी दायर कर दी है। जनवरी 2020 में शादी के बंधन में बंधे इस जोड़े के लिए यह एक बड़ा कदम है। हाल ही में सपना को वीर के नाम का टैटू हटवाते हुए देखा गया, जिससे लगता है कि वह अब अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर रही हैं। दो बच्चों के माता-पिता होने के नाते, वह अब जीवन के इस नए पड़ाव पर आगे बढ़ रहे हैं। एक चैनल से बातचीत करते हुए सपना ने बताया कि उनके और वीर के अलगाव की वजहें पूरी तरह से निजी हैं। उन्होंने इस दौरान इस बात पर भी अपने विचार रखे कि कैसे पुरुष और महिला प्यार को अलग-अलग नजरिए से देखते और महसूस करते हैं।



डॉ. हसन बनकर सिद्दीकी ने बदला अंदाज

मुंबई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी जियो हॉटस्टार पर आ रही सीरीज 'डॉ हसन' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज मशहूर अमेरिकी शो 'हाउस' का भारतीय रूपांतरण है। अपने अभिनय को मौलिक रखने के लिए उन्होंने ह्यू लॉरी के मूल किरदार को जानबूझकर नहीं देखा। नवाजुद्दीन का कहना है कि वह डॉ हसन के किरदार को 'बेहद ईमानदार और बुद्धिमान' दिखाना चाहते थे। रोहन सिप्पी निर्देशित यह शो 11 दिसंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। जानकी दास रुइया अस्पताल में सेट 'डॉ हसन' मेडिकल से जुड़े रहस्यों और निजी ड्रामा पर आधारित है। इसमें खासकर नवाजुद्दीन के किरदार और डॉ पलक जैन के बीच का ड्रामा अहम है। डॉ पलक अस्पताल की चीफ मेडिकल ऑफिसर होने के साथ-साथ नवाजुद्दीन के किरदार की पुरानी क्लासमेट भी हैं।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20' में लव-अरिशफा के बीच छिड़ी तीखी बहस

मुंबई। 'बिग बॉस 20' के घर में अब जबरदस्त ड्रामा देखने को मिलेगा, क्योंकि लव गिल और अरिशफा खान के बीच तीखी बहस होगी। लव के नॉमिनेट होने के बाद से घर में तनाव बढ़ गया है और अब कई दूसरे कंटेस्टेंट भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। लव गिल, माही विज और अरिशफा खान द्वारा नॉमिनेट किए जाने के बाद उन्हें उकसाती नजर आती हैं। माही और अरिशफा के जवाब न देने की कोशिशों के बावजूद लव उन्हें लगातार ताने मारती रहती हैं। लव, माही से पूछती हैं कि उन्होंने उसे नॉमिनेट क्यों किया और साथ ही उसे 'बुली' कहती हैं। इस दौरान कई तीखी बातें भी बोलती हैं। आखिरकार, माही भी लव की इन हरकतों का जवाब देती हैं। कैप्टेंसी टास्क के पहले राउंड में कैप्टन उदिति सिंह, लव को जेल भेज देती हैं। इसके बाद लव और माही के बीच जमकर बहस होती है।

लव गिल और अरिशफा खान में बढ़ी तकरार : लव, अरिशफा खान को भी निशाना बनाती हैं। वह अरिशफा को 'बेबी' कहती हैं और बार-बार रोने की आवाजें निकालकर उन्हें परेशान करती हैं, जिससे घर का तनाव और बढ़ जाता है। लेटेस्ट प्रोमो के अनुसार अरिशफा, लव का सामना करेंगी और उससे उन कमेंट्स के बारे में पूछेंगी, जो उसने अरिशफा के लिए किए थे। इसके जवाब में लव अरिशफा से 'बेबी फूड' खाने के लिए कहती है, जिससे दोनों कंटेस्टेंट्स के बीच तीखी बहस छिड़ जाती है। दोनों एक-दूसरे के पुराने कमेंट पर भी बहस करते हैं।

पुरानी बात पर माही-लव में होगी भिड़ंत : कुल मिलाकर 'बिग बॉस 20' के अपकमिंग एपिसोड में काफी ड्रामा और टकराव देखने को मिलेगा। माही विज और लव गिल के बीच एक और बड़ी लड़ाई होने की उम्मीद है, जहां दोनों के बीच फिर से तीखी बहस होगी और वे मर्यादा की सीमा पार कर जाएंगी।

अरिशफा का काजी पर भी फूटा गुस्सा

अरिशफा खान लड़ाई के दौरान कहती है कि माही ने पहले लव के चरित्र पर जो सवाल उठाए थे। वे सब सही थे, क्योंकि लव इसी के लायक है। लव गिल पलटवार करते हुए कहती है कि उन लोगों ने ही उसके चरित्र पर सवाल उठाए थे और अब अरिशफा भी इसी बर्ताव की हकदार है। यह बहस जल्द ही और बढ़ जाती है। काजी तौकीर बीच-बचाव करते हैं और अरिशफा से कहते हैं कि लव के साथ बहस करते समय वह अपनी भाषा पर ध्यान दे। इससे अरिशफा और भी भड़क जाती है और काजी को 'दोहरे मापदंड' वाला इंसान बताती है। वह आरोप लगाती है कि काजी, लव के सामने तो उसका समर्थन कर रहे हैं, लेकिन उसकी पीठ पीछे उसके खिलाफ बातें करते हैं। इससे पहले अरिशफा खान और कनिका मान में घी को लेकर लड़ाई हुई थी।

12 साल बाद 'रोडीज' में हुई रघु राम की वापसी बोले - 'इट्स टाइम टू शेक एवरीथिंग अप अगेन'

मुंबई। रघु राम निस्संदेह रियलिटी शो 'रोडीज' के सबसे लोकप्रिय जजों में से एक हैं। वह शो के पहले सीजन से लेकर 11वें सीजन तक इसका हिस्सा रहे और 2014 में इसे छोड़ दिया। अब 12 साल बाद वह शो के 21वें सीजन 'रोडीज रीबर्थ' के साथ वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी वापसी की घोषणा के लिए सोमवार को मुंबई में एक इवेंट आयोजित किया गया था। रघु राम 'रोडीज' में एक नए ट्विस्ट के साथ दस्तक देने वाले हैं। रियलिटी शो में अपने सख्त रवैये और दमदार मौजूदगी के लिए मशहूर ये अभिनेता और टीवी प्रेजेंटर अब 'रोडीज रीबर्थ' के नए सीजन में लौट रहे हैं। रघु ने 2014 में अपने भाई राजीव राम के साथ शो छोड़ दिया था, जिसका कारण उन्होंने प्रोड्यूसर्स का दखल बताया था।



रोडीज रीबर्थ की रिलीज डेट

'रोडीज रीबर्थ' 16 अक्टूबर 2026 को शुरू हुआ। इसका हर एपिसोड शुक्रवार और शनिवार शाम 7 बजे एमटीवी चैनल पर प्रसारित होगा। 'रोडीज रिबर्थ' दर्शक दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। आप यह शो नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर एक साथ स्ट्रीम होगा। जहां प्रिंस नरूला, नेहा धूपिया और निखिल चिनप्पा गैंग लीडर्स के रूप में वापसी कर रहे हैं। वहीं 'रोडीज रीबर्थ' में अभिषेक मल्हान, बसीर अली और बानी जे नए गैंग लीडर्स हैं।

रघु राम ने क्यों की 'रोडीज रीबर्थ' में वापसी?

इवेंट में 'रोडीज' में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए रघु ने कहा, 'बीस साल बीत चुके हैं और अब हम अपने तीसरे दशक में कदम रख रहे हैं। पहले 10 सालों तक इसका एक खास फॉर्मेट था, लेकिन अगले स्तर तक पहुंचने के लिए उस फॉर्मेट को खत्म करना जरूरी था। फिर नए गैंग लीडर्स आए और शो की लोकप्रियता और बढ़ गई। अब, जब हम अपने तीसरे दशक में एंट्री कर रहे हैं तो सब कुछ फिर से बदलने का समय आ गया है। इसीलिए मैंने 'रीबर्थ' का विकल्प चुना है।'

'धुरंधर' के बाद सारा अर्जुन पर यशराज फिल्म्स का बड़ा दांव...

मुंबई। 'धुरंधर फ्रेंचाइजी' से लोकप्रिय हुईं सारा अर्जुन को अपनी नई परियोजना को लेकर चर्चा में आ गई हैं। बताया जा रहा है कि यशराज फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म के लिए उन्हें साइन किया है। यह एक संगीतमय प्रेम कहानी बताई जा रही है, जिसका नाम तय होना बाकी है। फिल्म के निर्देशन की कमान मनीष शर्मा को मिली है जो सलमान खान की 'टाइगर 3' (2023) के लिए जाने जाते हैं।



सारा के साथ अंबरीश निभाएंगे मुख्य किरदार : मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के जनवरी, 2027 में पंजाब में फ्लोर पर आने की उम्मीद है। इस बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, सारा की अगली फिल्म वायआरएफ के साथ एक प्रेम कहानी है। प्री-प्रोडक्शन चल रहा है और वह जनवरी में पंजाब में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। इसमें उनके साथ मुख्य किरदार में अंबरीश वर्मा नजर आएंगे, जिन्हें लोकप्रिय वेब सीरीज 'सपने वर्सेस एवरीवन' में उनके काम के लिए जाना जाता है।

वायआरएफ की फिल्म से सारा को मिला बड़ा मौका

कहा जा रहा है कि फिल्म में 8 गाने शामिल होंगे, जिससे संगीत इसकी कहानी का एक जरूरी हिस्सा बन जाएगा। सारा के लिए यह परियोजना वायआरएफ बैनर में उनके लिए एक बड़ा मौका लेकर आई है, जिससे उनके फैंस उन्हें एक नए किरदार को निभाते हुए बड़े पर्दे पर देख पाएंगे। फिलहाल, निर्माताओं की ओर से परियोजना पर पुष्टि और सारा का इसमें हिस्सा बनने का आधिकारिक ऐलान होना बाकी है।


रवि का खुलासा- पिता के गुस्से से बचने के लिए मां ने घर छोड़ने में मदद की थी

पिता मुझे मार डालना चाहते थे, कहते थे ये लड़का 'कलंक' बनेगा

मुंबई। अभिनेता-राजनेता रवि किशन ने 'कॉफी विद करण सीजन 9' के ताजा एपिसोड में अपने शुरुआती संघर्ष के दिनों और अभिनय के सपने के प्रति पिता के कड़े विरोध पर खुलकर बात की। 24 नवंबर को जियो हॉटस्टार पर प्रसारित हुए करण जौहर के इस चैट शो में अक्षय कुमार के साथ नजर आए किशन ने याद किया कि अभिनय चुनने के फैसले पर उनके पिता कभी उन्हें मार डालना चाहते थे।उन्होंने अपने कठिन सफर के कई किस्से साझा किए।

क्या तुम नाचने-गाने वाले बनना चाहते हो?

थिएटर के दिनों की एक घटना को याद करते हुए किशन ने कहा, मेरे पिता पुजारी थे और दूध का कारोबार करते थे। वो चाहते थे कि मैं भी वही कारोबार करूं या फिर कोई सरकारी नौकरी करूं। इसी दौरान शौक के तौर पर थिएटर करते हुए एक बार मैंने साड़ी पहनकर रामलीला में हिस्सा लिया था। इसके बाद पिता ने मेरी जमकर पिटाई की। वो बार-बार पूछते रहे, 'क्या तुम नाचने-गाने वाले बनना चाहते हो?'



पिता के विरोध और सख्ती पर बोले रवि

किशन ने बताया कि उस समय उनके घर में सिनेमा में करियर बनाना स्वीकार्य नहीं था और तनाव इस हद तक बढ़ गया था कि पिता के गुस्से से बचने के लिए उनकी मां ने उन्हें घर छोड़ने में मदद की थी। अपने पिता की प्रतिक्रिया की गंभीरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरे पिता मुझे मार डालना चाहते थे। वो कहते थे, 'ये लड़का कलंक बनेगा, इसको मार ही देते हैं।'

करण जौहर ने रवि को बताया 'बिहार का ब्रैड पिट'

एपिसोड की शुरुआत में करण जौहर ने इस अनोखी जोड़ी का परिचय कराते हुए अक्षय कुमार का बॉलीवुड सुपरस्टार के रूप में स्वागत किया और रवि किशन को 'बिहार का ब्रैड पिट' बताया। किशन ने अपने मशहूर जुमले, 'जिंदगी झंडवा, फिर भी घमंडवा' के साथ एंट्री की। करण ने बताया कि किशन को काउच पर लाने का सुझाव अक्षय ने ही दिया था। अक्षय ने कहा, मैं उनका कॉमेडी पहलू जानता हूं, पर वो असल में बेहद भावुक इंसान हैं।

आर्थिक और पेशेवर मुश्किल दौर में 'सैयां हमार' बनी सहारा

किशन ने बताया कि ये फिल्म 'सैयां हमार' थी, जो आगे चलकर कल्ट हिट साबित हुई। उस समय वो आर्थिक और पेशेवर तौर पर मुश्किल दौर से गुजर रहे थे। सलमान खान के साथ 'तेरे नाम' में काम करने के बावजूद उन्हें बॉलीवुड में मनचाहे मौके नहीं मिल रहे थे। ऐसे में इस भोजपुरी फिल्म ने उनके करियर को नई शुरुआत दी। उन्होंने हिंदी फिल्मों से सीखी बातें भोजपुरी सिनेमा में अपनाईं और अपनी अलग पहचान बनाई।

डेविस कप

लगातार चौथी बार फाइनल में इटली, मुसेट्टी का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ बोलोग्ना



लोरेंजो मुसेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को लगातार चौथे डेविस कप फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पहले सिंगल्स मुकाबले में जीत दर्ज की और फिर एंड्रिया वावास्सोरी के साथ मिलकर निर्णायक डबल्स मैच भी अपने नाम किया।

डिफेंडिंग चैंपियन इटली ने खेले गए सेमीफाइनल में चेकिया को 2-1 से हराया। मुसेट्टी की सिंगल्स और डबल्स दोनों में जीत इटली की सफलता की कुंजी साबित हुई, जिससे टीम ने लगातार चौथी बार डेविस कप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मुकाबला 1-1 की बराबरी पर पहुंचने के बाद निर्णायक डबल्स मैच में लोरेंजो मुसेट्टी और एंड्रिया वावास्सोरी ने दबाव में शानदार खेल दिखाया। इटली की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए जिरी लेहेका और टॉमस माचाक को 3-6, 6-1, 7-6(4) से हराया और घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

- सेमीफाइनल में चेकिया को दी शिकस्त

मैं टीम की मदद कर सकता हूं : मुसेट्टी

आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में भी दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतरीन संयम दिखाया। 1-3 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने जोरदार वापसी की, लगातार अंक जुटाए और अंततः टाई अपने नाम कर इटली की फाइनल में जगह पक्की कर दी। मुसेट्टी ने कहा, यह दिन मेरे दिल में खास मायने रखता है, खासकर इसलिए क्योंकि डेविस कप में मैंने पिछले मैच जीते नहीं थे। मुझे लगा कि मुझे वापसी करने और यह साबित करने के लिए इसकी जरूरत है कि मैं टीम की मदद कर सकता हूं।

मुसेट्टी ने बचाए छह ब्रेक प्वाइंट

यह जीत मुसेट्टी के लिए यादगार शाम का हिस्सा रही। इससे पहले उन्होंने सिंगल्स मुकाबले में जैकब मेंसिक को 6-3, 6-4 से हराकर इटली को बेहतरीन शुरुआत दिलाई थी। मुसेट्टी ने पूरे मैच में अपने खिलाफ आए सभी छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और मेजबान टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि, चेकिया ने जोरदार वापसी की। जिरी लेहेका ने फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 1-6, 6-3 से हराकर स्कोर 1-1 कर दिया और मुकाबले को निर्णायक डबल्स तक खींच लिया। इसके बाद लोरेंजो मुसेट्टी और एंड्रिया वावास्सोरी ने निर्णायक डबल्स मुकाबले की जिम्मेदारी संभाली। पहला सेट गंवाने के बाद इटली की जोड़ी ने शानदार वापसी की, अपने खेल का स्तर ऊंचा किया और मैच को तीसरे व निर्णायक सेट तक पहुंचाया।



भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार तीसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती

एजेंसी ▶▶ भोपाल

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता। भारत के लिये दीपिका ने 38वें और 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे जबकि इशिका ने 42वें मिनट में फील्ड गोल किया। चीन के लिये एकमात्र गोल युजुन चैन ने 25वें मिनट में दागा। दीपिका ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 10 गोल किये जिनमें से नौ पेनल्टी कॉर्नर पर थे। वह इस साल 25 मैचों में 41 गोल करके सबसे ज्यादा गोल करने वाली भारतीय खिलाड़ी बन गई। इस साल जापान में हुए एशियाई खेलों में चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही। भारतीय टीम ने साल के पहले हाफ में न्यूजीलैंड में नेशंस कप जीतकर एफआईएच प्रो लीग में वापसी की थी। इसके बाद अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए विश्व कप में ऐतिहासिक पांचवें स्थान पर रही जो 52 साल बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इससे पहले राउंड रॉबिन लीग में भारत ने चीन को 6-2 से हराया था।

दूसरा टेस्ट दूसरा दिन : 116 रन पर गिरे 6 विकेट, 240 रन से पीछे टीम इंडिया

पंत के गैर जिम्मेदाराना शॉट ने बढ़ाई भारत की मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ क्राइस्टचर्च

ऋषभ पंत ने एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेला जबकि अन्य बल्लेबाजों ने भी आसानी से अपने विकेट गंवाए, जिससे भारत शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन बैकफुट पर पहुंच गया। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 116 रन बनाए। इस तरह से वह न्यूजीलैंड से अभी 240 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 356 रन बनाए थे।

भारत ने पहले सत्र में गंवाए 3 विकेट

भारत ने पहले सत्र में यशस्वी जायसवाल (0), देवदत्त पडिक्कल (20 गेंद पर 21) और कप्तान शुभमन गिल (29 गेंद पर 17) के विकेट गंवाए। ऋषभ पंत (39 गेंद पर 23), केएल राहुल (80 गेंद पर 25) और वाशिंगटन सुंदर (60 गेंद में 10) दूसरे सत्र में आउट होने वाले बल्लेबाज थे। स्टंप उखड़ने के समय ध्रुव जुरेल 45 गेंद पर सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड की तरफ से काइल जैमीसन (33 रन देकर दो) और जैकब डफी (21 रन देकर दो) ने दो-दो जबकि मैट हेनरी और नाथन स्मिथ ने एक-एक विकेट लिया है। वाशिंगटन दिन की अंतिम गेंद पर पवेलियन लौटे। उन्हें स्मिथ ने दूसरी स्लिप में टॉम लैथम के हाथों कैच कराया।



पंत ने की आत्मघाती गलती

जब टीम संकट में थी तब पंत से जिम्मेदारी भरी पारी खेलने की उम्मीद थी। उन्होंने डफी की गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का लगाया लेकिन इसी गेंदबाज पर उन्होंने आगे बढ़कर गेंद को हवा में लहरा दिया, जिसे जैमीसन ने कैच करने में कोई गलती नहीं की। यह ठीक उसी तरह का शॉट था जैसा उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में मार्को यानसन की गेंद पर खेला था। पहले मैच में शतक जड़ने वाले पंत ने एक बार फिर से इसी तरह की आत्मघाती गलती की।

पिच का अतिरिक्त उछाल शीर्ष क्रम पर पड़ा भारी

राहुल चाय के विश्राम के बाद आउट होने वाली दूसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने लगभग दो घंटे तक बल्लेबाजी करने के बाद डफी की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाकर अपना विकेट इनाम में दिया। इस पिच पर मिलने वाली अतिरिक्त उछाल भारत के शीर्ष क्रम पर भारी पड़ी। हेनरी ने जायसवाल को सही लैंथ पर की गई और थोड़ा स्विंग लेने वाली गेंद पर बोल्ड किया। पडिक्कल ने जैमीसन की बाउंसर पर हुक करके छक्का जड़ा और इसके बाद स्क्वायर ड्राइव और कवर ड्राइव खेला, लेकिन उन्होंने एक शॉट खेलने में जल्दबाजी दिखाई और गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के पास चली गई। गिल ने चाय के विश्राम से ठीक पहले जैमीसन की गेंद को छेड़कर स्लिप में कैच दे दिया।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पंत का नया रिकॉर्ड

बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया और अपना 89वां छक्का लगाकर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ दिया। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन तेज गेंदबाज जैकब डफी की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया। यह डब्ल्यूटीसी में पंत का 44वां टेस्ट मैच था। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत 2019 में हुई थी। स्टोक्स ने 64 टेस्ट मैचों में 88 छक्के लगाए हैं। पंत हालांकि 39 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हो गए। डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों की सूची में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। इसमें 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 56 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद कप्तान बने शुभमन गिल 48 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 45 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। हालांकि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब भी स्टोक्स के नाम है। उन्होंने 122 टेस्ट मैच में 138 छक्के लगाए हैं। पंत 54 टेस्ट मैच में 109 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

खबर संक्षेप

शारजाह वॉरियर्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

शारजाह। जुनैद सिद्दीकी की शानदार गेंदबाजी की मदद से शारजाह वॉरियर्स ने डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में दुबई कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत हासिल की। जुनैद ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि एडम मिल्ने और रिचर्ड ग्लीसन ने दो-दो विकेट लेकर दुबई कैपिटल्स को 19.4 ओवर में 126 रन पर आउट कर दिया। कैपिटल्स की तरफ से करीम जनत ने 30 और मार्कस स्टोइनिस ने 23 रन बनाए। वॉरियर्स ने 13 ओवर में तीन विकेट पर 130 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। टिम सीफर्ट (20 गेंदों में 41 रन) और पॉल वाल्टर (25 गेंदों में 42 रन) ने पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

भाविका अहीरे संभालेंगी भारत की कमान

नई दिल्ली। अगले महीने यूएई में होने वाले एसीसी अंडर-19 विमेंस एशिया कप के लिए भारतीय टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज भाविका अहीरे को सौंपी गई है। वहीं, अनादि तागड़े को उप-कप्तान नियुक्त किया गया।



टेनिस

14 साल की जेन्सी ने तोड़ा सानिया मिर्जा का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



गुजरात की 14 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जेन्सी कनाबर ने विमेंस 15 कोलकाता टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उन्होंने दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा का 24 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। जेन्सी अब प्रोफेशनल सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

जेन्सी की उम्र फिलहाल 14 साल 11 महीने है। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स की फ्लोरेंटिन डेकर्स को सीधे सेटों में 6-1, 6-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने अपने करियर के पहले प्रोफेशनल सिंगल्स फाइनल में जगह बना ली।

सानिया मिर्जा का 24 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

जेन्सी कनाबर ने यह उपलब्धि हासिल करके भारतीय टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड सानिया मिर्जा के नाम था। सानिया ने साल 2002 में हैदराबाद में आयोजित एक आईटीएफ टूर्नामेंट के दौरान 15 साल और 10 महीने की उम्र में प्रोफेशनल सिंगल्स फाइनल में प्रवेश किया था। अब 14 साल 11 महीने की जेन्सी ने उनसे कम उम्र में यह मुकाम हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि को भारतीय महिला टेनिस के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

गुकेश-सिंदारोव ने लगातार चौथा मुकाबला ड्रॉ खेला

जिनेवा। गत चैम्पियन डी गुकेश और उजबेकिस्तान के उनके चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में शुक्रवार को यहां लगातार चौथा मुकाबला ड्रॉ खेला। सफेद मोहरों से खेलते हुए गुकेश अपने उजबेक प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस को नहीं भेद सके और 34 चालों के बाद मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ियों ने रक्षात्मक खेल दिखाया और कोई जोखिम नहीं लिया। अब चौदह मुकाबलों की चैम्पियनशिप में स्कोर 2-2 से बराबर है। सिंदारोव पांचवां मुकाबला सफेद मोहरों से खेलेंगे। पहले तीन क्लासिकल मुकाबले भी ड्रॉ रहे थे।

रोहित का खुलासा, फ्रेंचाइजी के बुलावे पर ली कप्तानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



रोहित शर्मा ने खुलासा किया है कि आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फ्रेंचाइजी ने उनसे कप्तानी संभालने के लिए संपर्क किया था और काफी सोच-विचार के बाद उन्होंने पांच बार की चैंपियन टीम को जरूरी दिशा देने की जिम्मेदारी स्वीकार की। मुंबई इंडियंस ने आखिरी बार 2020 में (आईपीएल) खिताब जीता था। तब रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने पांचवीं बार यह ट्रॉफी अपने नाम की थी। 2024 सत्र से पहले हार्दिक पंड्या को रोहित की जगह टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन यह फैसला कारगर साबित नहीं हुआ। रोहित ने कहा, 'शुरुआत में मेरा ईमानदारी से यही विचार था कि मैं अभी इसके लिए तैयार नहीं हूं। मुझे इस बारे में दोबारा सोचने की जरूरत थी क्योंकि पिछले कुछ समय में काफी कुछ हुआ था।'

मैदान पर खेल का आनंद लेना जरूरी

रोहित ने कहा, 'कई चीजों पर सोचने के बाद मुझे अहसास हुआ कि यह वही टीम है, जिसे मैंने बनाया है। आपने 10 साल तक इसकी कप्तानी की है। मुझे लगा कि अब इस चुनौती को दोबारा स्वीकार करने का समय आ गया है।' रोहित को फिलहाल अगले सत्र के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अपने खेल का आनंद लेना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'निराशा इस बात की नहीं थी कि हम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। निराशा इस बात की थी कि हम अच्छा क्रिकेट नहीं खेल रहे थे। खिलाड़ियों को जो जिम्मेदारियां दी गई थीं, वे उन्हें ठीक से नहीं निभा पा रहे थे।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2026 म्हारी छोरी मीनाक्षी ने मेडल किया पक्का



रोहतक। भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 28 नवंबर को उज्बेकिस्तान के ताशकंद में खेले गए महिला 51 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मीनाक्षी ने इटली की मुक्केबाज मार्टिना वासालो को पराजित किया। इस दमदार जीत के साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया है। 48 किलोग्राम वर्ग की मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन मीनाक्षी इस प्रतियोगिता में नए भार वर्ग में चुनौती पेश कर रही हैं। उन्होंने 2028 ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए 51 किलोग्राम वर्ग में उतरने का फैसला किया है। नए भार वर्ग में भी उनकी आक्रामक शैली और सटीक पंचों का दबदबा कायम रहा, जिसके सामने इतालवी खिलाड़ी टिक नहीं सकीं। मीनाक्षी की इस उपलब्धि पर उनके कोच विजय हुड्डा ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने मीनाक्षी के खेल की सराहना की और सेमीफाइनल सहित आगामी मुकाबलों में भी इसी तरह का शानदार प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।मैच के बाद मुक्केबाज मीनाक्षी ने कहा कि पिछली प्रतियोगिता के फाइनल बाउट में मिली हार के बाद अब उनका लक्ष्य इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि सबकी दुआओं के साथ वह अपना शत-प्रतिशत देंगी।

टी20: विमेंस अंडर-19

दीया-अक्साह के तूफानी अर्धशतक टीम इंडिया ने इंग्लैंड को रौंदा



एजेंसी ▶▶ वडोदरा

भारत की महिला अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ शनिवार को बीसीए स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले को 106 रन से अपने नाम किया। इस मुकाबले में दीया यादव (87) और अक्साह परमार (81) ने अपनी चमक बिखेरी। जीत के साथ भारतीय टीम ने 5 मुकाबलों की अनौपचारिक टी20 सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है।

वडोदरा में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 230 रन बनाए। विपक्षी खेमे से मारिया एंड्रयूज और सृष्टि पाटिल को 2-2 विकेट हाथ लगे, जबकि ब्रायोनी गिलग्रास ने 1 विकेट चटकाया। इसके जवाब में इंग्लैंड की अंडर-19 टीम 15.3 ओवरों में महज 124 रन पर सिमट गई। ब्रायोनी गिलग्रास ने फेथ टीकासिंह के साथ पहले विकेट के लिए 24 रन जुटाए। ब्रायोनी 7 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुईं। इंग्लिश टीम को 29 के स्कोर तक 2 झटके लग गए थे, जिसके बाद फेथ टीकासिंह ने मोर्चा संभाला।

उन्होंने एवा क्लाइव (14) के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 रन, जबकि फ्लोरा डेविस (14) के साथ चौथे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 98 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन फेथ के आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया।

इस बीच टीम ने 15वें ओवर में तीन विकेट गंवाए। फेथ ने 40 गेंदों में 3 छक्कों और 7 चौकों के साथ 58 रन जुटाए, लेकिन टीम को शर्मनाक हार से बचा नहीं सकीं। भारतीय खेमे से पूर्वा सिवाच और उमा काश्वी ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि अनादि तागड़े और निधि महतो ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

पूर्व इंग्लिश कप्तान कुक बोले-सूर्यवंशी जैसा टैलेंट कभी नहीं देखा

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने शनिवार को कहा कि उन्होंने वैभव जैसा टैलेंट पहले कभी नहीं देखा है। कुक का मानना है कि वे दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन सकते हैं। कुक के मुताबिक, वैभव की सबसे बड़ी खासियत लगातार बड़े शॉट लगाने की क्षमता है। उन्हें उम्मीद है कि वैभव का यह अंदाज सिर्फ टी-20 तक सीमित नहीं रहेगा और वे टेस्ट व वनडे क्रिकेट में भी अपनी पहचान बनाएंगे। कुक ने शनिवार को गुरुग्राम में ये बातें कहीं। उन्होंने भारतीय टीम को मौजूदा दौर की सबसे मजबूत ऑल-फॉर्मेट टीम बताया। साथ ही अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पहुंचने की उम्मीद जताई।

अंशु धनखड़ सोनीपत ने शाट पुट इवेंट में जीता स्वर्ण पदक

बिम्सटेक एथलेटिक्स में भारत का स्वर्णिम परचम

- सोनम हिसार ने 400 मीटर हर्डल इवेंट में कांस्य पदक जीतकर हरियाणा का गौरव बढ़ाया
- 47 पदकों के साथ बना चैंपियन

एजेंसी ▶▶ रोहतक





तीन दिवसीय बिम्सटेक एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। भारत ने कुल 47 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। इनमें 22 स्वर्ण, 18 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। श्रीलंका 10 स्वर्ण, 12 रजत और 16 कांस्य सहित कुल 38 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि बांग्लादेश 2 रजत और 8 कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे पायदान पर रहा। नेपाल ने 1 रजत के साथ चौथा स्थान पाया और भूटान व म्यांमार संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। हरियाणा के खिलाड़ियों ने भी चैंपियनशिप में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। महिला शॉट पुट में सोनीपत की अंशु धनखड़ ने 15.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि रिया वर्मा (14.59 मीटर) ने रजत और बांग्लादेश की सुल्ताना जाकिया (12.64 मीटर) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं महिला 400 मीटर हर्डल में हिसार की सोनम ने 1:00.83 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में श्रीलंका की अरालिया सत्सर गीगनागे (59.38 सेकंड) ने स्वर्ण और भारत की प्रियंका माडिवा ओलेकर (59.83 सेकंड) ने रजत पदक अपने नाम किया। भारत ने रिले स्पर्धाओं में एकतरफा दबदबा बनाते हुए चारों रिले वर्गों पुरुष व महिला 4x100 मीटर और 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा पुरुष 800 मीटर में श्याम मिलन बिंद (1:50.66), पुरुष जेवलिन थ्रो में शशांक पाटिल (71.89 मीटर) और महिला लॉन्ग जंप में शीबा डी (6.21 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका ने कई ट्रैक व फील्ड स्पर्धाओं में कड़ी चुनौती दी। विजेता खिलाड़ियों को दक्षिण एशिया एथलेटिक्स अध्यक्ष डॉ. ललित के. भनोट, वर्ल्ड एथलेटिक्स उपाध्यक्ष आदिल जे. सुमारिवाला, एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू, एथलेटिक्स हरियाणा अध्यक्ष दिलबाग सिंह, महासचिव प्रदीप मलिक, मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ और भारतीय टीम कोच जसवंत सिवाच सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को भी लगातार मजबूत कर रहा है और देश के 'शिपयार्ड' में अब बड़ी संख्या में जहाजों तथा पनडुब्बियों का डिजाइन तैयार किया जा रहा है एवं उनका निर्माण हो रहा है। यह आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नौसेना की 'पासिंग आउट' परेड में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

समुद्री मार्गों की सुरक्षा देशों की आर्थिक खुशहाली से जुड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को केरलम के एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) की 'पासिंग आउट' परेड में शामिल हुईं। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में समुद्री क्षेत्र का महत्व लगातार बढ़ रहा है और वैश्विक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा समुद्री मार्गों से होता है। समुद्री मार्गों की सुरक्षा देशों की आर्थिक खुशहाली और उनके लोगों के रोजमर्रा के जीवन से गहराई से जुड़ी है।

427 प्रशिक्षु अधिकारियों ने कमीशन प्राप्त किया



नौसेना के मार्चिंग दस्ते की सलामी लेती हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

नौसेना विनिर्माण में आत्मनिर्भरता बढ़ रही

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को भी लगातार मजबूत कर रहा है और देश के 'शिपयार्ड' में अब बड़ी संख्या में जहाजों तथा पनडुब्बियों का डिजाइन तैयार किया जा रहा है एवं उनका निर्माण हो रहा है। यह आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, कुशल कामगारों तथा उद्योग की क्षमताओं में हमारे विश्वास को दर्शाता है। भारतीय नौसेना के अधिकारी के रूप में आप एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इस यात्रा का हिस्सा होंगे।



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट को पुरस्कार प्रदान किए

भारतीय नौसेना अकादमी में कुल 427 प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कमीशन प्राप्त किया। राष्ट्रपति ने सबसे पहले परेड का निरीक्षण किया और इसके बाद मार्चिंग दस्ते की सलामी ली। उन्होंने अकादमी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट को पुरस्कार भी प्रदान किए।

मिजोरम पहुंची राष्ट्रपति मूर्मू हॉर्नबिल महोत्सव में होंगी शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को मिजोरम की तीन दिवसीय यात्रा पर आइजोल पहुंची। अपनी इस यात्रा के दौरान, वह मिजोरम विश्वविद्यालय (एमजेडयू) के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और हाल ही में स्थापित 'रोपुलियानी ट्राइबल फ्रीडम फाइटर्स म्यूजियम' का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति रविवार को मिजोरम की राजधानी के पास केल्सिह में 'रोपुलियानी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय' का दौरा करेंगी। सोमवार को वह आइजोल के पश्चिमी बाहरी इलाके तानहरिल में मिजोरम विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह और विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियां युद्ध और समुद्री सुरक्षा की प्रकृति को बदल रही हैं। मुझे विश्वास है कि आपका प्रशिक्षण, बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता और प्रतिबद्धता आपको उनका सामना करने के लिए तैयार करेगी।

खबर संक्षेप

अफगानिस्तान के स्कूल में विस्फोट, 10 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी कुनार प्रांत में शनिवार सुबह एक मिडिल स्कूल में जोरदार विस्फोट हुआ। इस घटना में छात्रों समेत 10 लोगों की मौत हो गई। लगभग 97 से ज्यादा लोग घायल हुए। विस्फोट के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कुनार प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फरीद देहकान ने घटना की पुष्टि की है, हालांकि अभी तक मरने और घायलों की सही संख्या सामने नहीं आई है। जांच टीमें मौके पर पहुंचकर विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं।



इंडिगो ने सऊदी अरब के लिए उड़ानें फिर शुरू कीं

नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइंस ने सऊदी अरब में जेदाह और मदीना के लिए चुनिंदा उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। प्रभावित यात्रियों को उनके पंजीकृत नम्बरों पर सूचित कर दिया गया है। हालांकि क्षेत्र में जारी तनाव के कारण रियाद और दम्मम के लिए उड़ान सेवाएं 7 दिसंबर तक स्थगित रहेंगी। इंडिगो ने बताया कि सऊदी अरब में जारी स्थिति और परिवहन संचालन की समीक्षा के बाद यह निर्णय किया गया है। रियाद ने भारतीय दूतावास ने रियाद और दम्मम के लिए उड़ानों के स्थगित होने की पुष्टि करते हुए परामर्श जारी किया है।



इटली के स्कूलों में बुर्का और नकाब प्रतिबंधित

मिलान। इटली ने शिक्षा में एक सुधार को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों में चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही पहली कक्षा में विदेशी मूल के छात्रों की संख्या को 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। इटली की संसद के निचले सदन ने 142 वोटों के समर्थन, 112 वोटों के विरोध और चार सदस्यों के मतदान न करने के साथ इस सुधार को मंजूरी दी। पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने बताया कि 'डेक्रेटो स्कुओला' के नाम से जाना जाने वाला यह कानून, 20 नवंबर को सीनेट में पहले ही पारित किया जा चुका था।



भारत ने ईयू के साथ गहराते संबंधों में डेनमार्क के साथ के लिए आभार जताया

भारत डेनमार्क संयुक्त आयोग की 5वीं बैठक

रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, शिक्षा, कौशल जैसे क्षेत्रों में संबंधों की मजबूती पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री से लार्स लोक्के रासमुसेन से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि डेनमार्क विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण साझेदार साबित होगा। दोनों देश रक्षा एवं सुरक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा, कौशल विकास और लोगों की आवाजाही सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाओं पर काम कर रहे हैं। भारत और डेनमार्क के बीच 2026-2031 के लिए नई संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

इस सहयोग को भारत और यूरोपीय संघ के बीच गहराते संबंधों के व्यापक संदर्भ से जोड़ा जा सकता है। नई दिल्ली में भारत-डेनमार्क संयुक्त आयोग की 5वीं बैठक के उद्घाटन सत्र में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की इस साल मई में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद अब दोनों देशों के पास द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करने और प्रधानमंत्री स्तर पर हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ गहराते संबंधों में डेनमार्क के साथ के लिए आभार जताया, विशेष रूप से भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने में दिए गए सहयोग की सराहना की गई।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-डेनमार्क जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली और हरित शिपिंग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश इस ढांचे के तहत मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती दी है।

विकसित भारत के लक्ष्य में डेनमार्क अहम साझेदार 2026-31 की नई कार्ययोजना पर जोर




बैठक में एस. जयशंकर और डेनमार्क के लार्स लोक्के रासमुसेन

दोनों देश कई राष्ट्रीय मिशन पर साथ काम कर रहे

जयशंकर ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है और इस प्रयास में डेनमार्क को एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखता है। दोनों देश भारत के कई राष्ट्रीय मिशनों में मिलकर काम कर रहे हैं। जयशंकर ने भारत में डेनिश कंपनियों के योगदान की विशेष रूप से सराहना की और दोनों देशों के बीच कारोबारी गतिविधियों तथा निवेश की मौजूदगी बढ़ाने का स्वागत किया। दोनों सरकारें कारोबार को सुगम बनाने और कंपनियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए अपनी भूमिका निभा सकती हैं।

एमओयू का आदान-प्रदान किया

भारत-डेनमार्क के बीच कई कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। ये एमओयू सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमिता तथा भारत के 'इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी' और डेनमार्क के 'फाइनेंशियल सुपरवाइजरी अथॉरिटी' के बीच हुए हैं।



कई संयुक्त कार्य समूह गठित

जयशंकर ने कहा कि संयुक्त आयोग की बैठक में रक्षा एवं सुरक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा, कौशल और लोगों की आवाजाही जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच कई संयुक्त कार्य समूह गठित हैं। इनमें से अनेक की बैठकें हो चुकी हैं, जबकि जिन समूहों की बैठकें अभी नहीं हुई हैं, उन्हें भी जल्द बैठक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

जीएसपी में डेनमार्क की अहम भूमिका

जयशंकर ने कहा कि भारत और डेनमार्क के संबंधों को विशिष्ट पहचान देने में 'हरित रणनीतिक साझेदारी' (जीएसपी) की अहम भूमिका है। यह साझेदारी वर्ष 2020 में शुरू हुई थी। इसके बाद दोनों देशों ने ऊर्जा परिवर्तन, जलवायु अनुकूल विकास, जल प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया है। दोनों देश नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली और हरित शिपिंग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश इस ढांचे के तहत मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती दी है। अब रक्षा, सुरक्षा और अत्याधुनिक तकनीक जैसे नए क्षेत्रों पर बढ़ता जोर इस साझेदारी के व्यापक होते दायरे को दर्शाता है।

परिसीमन विधेयक में विशेष प्रावधान

पाक कब्जा समाप्त होने के बाद पीओजेके में भी होगा परिसीमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के उस हिस्से में भी विधानसभा क्षेत्रों का नए सिरे से परिसीमन हो सकेगा, जो फिलहाल पाकिस्तान के कब्जे में है। केंद्र सरकार ने इसके लिए परिसीमन विधेयक, 2026 में विशेष प्रावधान किया है। हालांकि, यह व्यवस्था तभी लागू होगी, जब उस क्षेत्र से पाकिस्तान का कब्जा समाप्त हो जाएगा। इसके बाद भारतीय चुनाव आयोग वहां विधानसभा सीटों का परिसीमन करेगा। विधेयक में इसके लिए चुनाव आयोग को ही परिसीमन आयोग की जिम्मेदारी देने की बात कही गई है। विधेयक की धारा 3(4) में इस क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन का प्रावधान किया गया है।

■ विधेयक की धारा 3(4) में किया प्रावधान

इसमें कहा गया है कि जब यह क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त हो जाएगा, तब चुनाव आयोग वहां परिसीमन आयोग के रूप में काम करेगा। यानी सरकार ने इस क्षेत्र में भविष्य में परिसीमन करने की व्यवस्था पहले से प्रस्तावित कर दी है। हालांकि, यह प्रावधान किसी तत्काल कार्रवाई की बात नहीं करता। इसके लागू होने की शर्त पाकिस्तान का कब्जा समाप्त होना है।



जम्मू कश्मीर का सांकेतिक नक्शा

जम्मू-कश्मीर के लिए अलग आयोग बनेगा

विधेयक में 'पीओके' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसमें इस क्षेत्र के लिए 'पाकिस्तान के कब्जे के अधीन आने वाला क्षेत्र' यानी 'फॉलिंग अंडर द ऑक्यूपेशन ऑफ पाकिस्तान' शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। विधेयक में इसी क्षेत्र में भविष्य में परिसीमन की व्यवस्था की गई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के अन्य विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के लिए अलग आयोग बनाने का प्रावधान है। इस आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे। इसके सदस्यों में मुख्य चुनाव आयुक्त या कोई चुनाव आयुक्त और राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। इस तरह विधेयक में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों के परिसीमन के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं।

पीओजेके की 24 विधानसभा सीटों पर स्थिति स्पष्ट नहीं

विधेयक में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र के लिए लंबे समय से आरक्षित 24 विधानसभा सीटों का कोई उल्लेख नहीं है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि वहां परिसीमन होने पर इन सीटों की व्यवस्था क्या होगी। इसके अलावा, विधेयक में विधानसभा सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाने की बात भी है, लेकिन यह बढ़ोतरी पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में लागू होगी या नहीं, इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। विधेयक में इस क्षेत्र के लिए केवल जम्मू-कश्मीर विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की बात कही गई है। इसमें लोकसभा सीटों के नए सिरे से निर्धारण की बात नहीं कही गई है।

रक्षा सचिव सिंह ने एनसीसी को सराहा

राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण संस्था देशभक्ति की भावना बढ़ा रही

एजेंसी ▶▶ नागपुर

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) केवल युवाओं का संगठन नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाली संस्था है। यह युवाओं में अच्छे चरित्र, आपसी सहयोग और देशभक्ति की भावना विकसित करती है। रक्षा सचिव नागपुर के कामठी में एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के चुन्नीलाल परेड मैदान में आयोजित पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। यह परेड प्री-कमीशन रेगुलर कोर्स के सीनियर डिवीजन के 175वें कोर्स की थी। सिंह ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनसीसी युवाओं के चरित्र निर्माण और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उसे अपने मूल सिद्धांतों और मूल्यों को बनाए रखते हुए समय के साथ खुद को बदलना होगा।



राजेश सिंह

गंभीर बीमारियों का होगा इलाज

भारत-ब्रिटेन बनाएंगे मैग्नेटिक नैनोरोबोट, शरीर में पहुंचेगी दवा



एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत और ब्रिटेन के वैज्ञानिक मिलकर ऐसी तकनीक विकसित करने में जुटे हैं, जिससे शरीर के अंदर बेहद छोटे रोबोट को चुंबक की मदद से नियंत्रित किया जा सकेगा। ये नैनोरोबोट शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचने, अपने साथ जरूरी चीजें ले जाने और तय जगह पर उन्हें छोड़ने में सक्षम हो सकते हैं। इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के इलाज और दवाओं को सीधे प्रभावित हिस्से तक पहुंचाने में मदद मिल सकती है। इस परियोजना पर ब्रिटेन के इम्पीरियल कॉलेज लंदन और बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक मिलकर काम कर रहे हैं। इम्पीरियल कॉलेज ने इस साझेदारी की घोषणा इसी सप्ताह की है। इस शोध में सिंथेटिक बायोलॉजी और नैनोरोबोटिक्स को एक साथ जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

नासिक में 'एविएशन शक्ति' अभ्यास का आयोजन



नासिक। नासिक में शनिवार को 'कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल' (सीएएटीएस) में हेलीकॉप्टर और 'रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम' (आरपीएएस) पाठ्यक्रमों के समापन समारोह के अवसर पर अभ्यास 'एविएशन शक्ति' का आयोजन किया गया। पहली बार आर्मी एविएशन के यंग ऑफिसर्स (वाईओ) पाठ्यक्रम के अधिकारियों ने इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रतिष्ठित 'एविएशन विंग्स' हासिल किए।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने की त्वरित कार्रवाई करने की मांग

यूएन में गूंजा बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मुद्दा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के जिनेवा स्थित मुख्यालय में बांग्लादेश में जारी हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के उत्पीड़न के मामले की जोरदार अंदाज में गूंज सुनाई दी है। जिसमें दुनियाभर के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने एकजुटता के साथ बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही सुनियोजित सांप्रदायिक हिंसा, भेदभाव और बढ़ती असुरक्षा की घटनाओं को लेकर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।



2134 हिंसा की घटनाओं में मारे गए 296 लोग

बीएचआरजे के अध्यक्ष दीपान मित्रा ने यूएन के सामने प्रस्तुत की गई एक अपील में हिंसा की घटनाओं पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। उनके संगठन द्वारा दिए गए आंकड़ों के हिसाब से इस साल जनवरी से लेकर अक्टूबर महीने तक बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा से जुड़े हुए 2 हजार 134 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिसमें 296 लोगों की मौत हो गई है।

ये है मामले पर भारत का पक्ष

भारत से सीते वक्त में पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मुद्दे को लेकर अपना रुख साफ करते हुए कहा था यह मामला पूरी तरह से बांग्लादेश की आंतरिक कानून और न्याय व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। जिसे देखते हुए नई दिल्ली बांग्लादेश की सरकार से यह अपील करती है कि वो हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं पर तत्काल आधार पर रोक लगानी चाहिए और अल्पसंख्यकों को यू सुनियोजित ढंग से प्रताड़ित करने वाले लोगों यानी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में खड़ा करना चाहिए।

भारत को तेज करना होगा 52 सैटेलाइट प्रोजेक्ट, सीडीएस ने चेताया

चीन की मदद से पाक बना रहा अंतरिक्ष में जासूसी नेटवर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सुरक्षा चुनौतियां अब केवल जमीन, समुद्र और आसमान तक सीमित नहीं रह गई हैं। युद्ध का एक नया मोर्चा अंतरिक्ष भी बन चुका है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमता को भारत को अपनी सैन्य रणनीति में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि चीन की मदद से पाकिस्तान की खुफिया निगरानी और लक्ष्य की पहचान करने की क्षमता बेहतर हो सकती है। इसी चुनौती को देखते हुए भारत ने अपने 52 सैटेलाइट वाले निगरानी कार्यक्रम को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है।



सीडीएस सुब्रमणि

2029 के अंत तक पूरी होगी एसबीएस-3 परियोजना

कम ऊंचाई पर स्थापित होंगे सैटेलाइट

इन उपग्रहों को निचली पृथ्वी कक्षा (लो-अर्थ ऑर्बिट-एलईओ) में स्थापित किया जाएगा। यह पृथ्वी से लगभग 160 से 2000 किमी की ऊंचाई वाला क्षेत्र है। इस कार्यक्रम को मूल रूप से 2029 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत पहले भी एसबीएस कार्यक्रम के तहत कार्टोसेट और रिसेट सीरीज के उपग्रह स्थापित कर चुका है। इन दोनों ने ऑप्टिकल और रडार आधारित निगरानी क्षमता विकसित करने में योगदान दिया है।

भारत का एसबीएस-3 कार्यक्रम

भारत अपने स्पेस बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस-3) कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। इसके तहत 52 निगरानी उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की योजना है। इन उपग्रहों में दो तरह के सेंसर इस्तेमाल किए जाएंगे। पहला इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर, जो तस्वीरों के जरिए धरती पर मौजूद गतिविधियों की जानकारी देगा। दूसरा सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर), जो बादलों और अंधेरे जैसी परिस्थितियों में भी जमीन की निगरानी करने में मदद कर सकता है।

पाक कर सकेगा बेहतर निगरानी

सीडीएस सुब्रमणि ने कहा कि चीन के पास मौजूद आईएसआर यानी इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रीकॉन्सेंस और पीएनटी यानी पोजिशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग जैसी क्षमताओं का लाभ पाकिस्तान को मिल सकता है। इसका मतलब है कि पाकिस्तान भारतीय सैन्य ठिकानों, सीमावर्ती गतिविधियों और सैन्य संसाधनों की निगरानी करने में पहले से बेहतर स्थिति में आ सकता है।

तुर्किये भी कर रहा मदद

जनरल सुब्रमणि ने कहा कि पाकिस्तान की अंतरिक्ष क्षमता चीन की मदद से बेहतर हो रही है। पाकिस्तान का अपना अंतरिक्ष संगठन सुपार्को (स्पेस एंड अपर एटमॉस्फीयर रिसर्च कमीशन) भी स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने में जुटा है। तुर्किये भी पाकिस्तान की मदद कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in